

शाहरुख ने की बीसीसीआई के ऐतिहासिक फैसले की तारीफ... 7 पेज

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C/°F 16 °C/°F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने बैराज घाट का किया निरीक्षण, बढ़ाई गई सुरक्षा 8 पेज

वर्ष : 18, अंक : 235 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022







# पहली बार ग्रेटर नोएडा आएंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रशासनिक अमला सख्त

## मुख्य सचिव से ऑनलाइन बैठक में जुड़े पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी



जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** एक्सपो मार्ट में इंडिया वाटर वीक का आयोजित होने जा रहा है। एक से पांच नवंबर तक कार्यक्रम चलेगा। राष्ट्रपति के तौर पर पहली बार द्रोपदी मुर्मु ग्रेटर नोएडा आएंगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री के आने की संभावना है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने बैठक के साथ मुख्य सचिव ऑनलाइन जुड़े।

इस मौके पर अधिकारियों ने एक्सपो मार्ट की सभागार का जाएजा लिया और संबंधित अधिकारियों को प्रोटोकॉल के तहत काम पूरा करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उनके पास निर्गत करने की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था में लगे हुए अधिकारी अपनी सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे।

विद्युत सप्लाई, खानपान व्यवस्था, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते सभी के द्वारा अपने अपने कार्य पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनपद में आयोजित होने वाला वीवीआइपी कार्यक्रम निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा के साथ संपन्न किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी जहां-जहां पर नामित की गई है समस्त अधिकारी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य सचिव के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्टपति की सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। बैठक के बाद पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे एवं जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल वाई के द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं अन्य व्यवस्थाएं के संबंध में स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

खास खबर

## यूपी में छठ पूजा पर चलेंगी 2563 अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** छठ पर्व के मौके पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के विशेष प्रबंध कर रहा है। इसके लिए निगम ने तैयारी तेज कर दी है। छठ के मौके पर परिवहन निगम पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक 2563 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। परिवहन निगम एमडी संजय कुमार ने गुरुवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को बस अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही बसों के संचालन के लिए रुट-प्लान तय करने को कहा। क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार पुंडीर ने बताया कि लखनऊ से पूर्वांचल के जनपदों के लिए सीधी बस सेवा बृहस्पतिवार से शुरू की गई है। चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग बस स्टेशन और अवध चौराहे से नॉनस्टॉप बस सेवाएं सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक हर घंटे उपलब्ध रहेंगी।

– अर्ज है

जनाब ...

जो आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें: पीएम

जनाब-ए-आली

नेताओं के वादों का वेरिफिकेशन कैसे करें...!

### सूरजकुंड चिंतन शिविर में पीएम मोदीः सोशल मीडिया की ताकत पर बोले

# जो आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** चिंतन शिविर में पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी रखें। फेक न्यूज का छोटा सा हिस्सा पूरे देश में तूफान ला सकता है। लोगों को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है कि कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले सोचें। जो भी संदेश आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें।



> सूरजकुंड में गृह मंत्रालय का यह चिंतन शिविर सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संविधान की भावना है और नागरिकों के प्रति हमारा कर्तव्य है हर राज्य एक दूसरे से सीखें और मिलजुल कर कार्य करें।

चिंतन शिविर की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा कि- अगले 25 साल अमृत पीढ़ी के निर्माण के लिए होंगे। यह अमृत पीढ़ी 'पंच प्रण' के संकल्पों को आत्मसात करके बनाई जाएगी। ये पंच प्रण है- एक विकसित भारत का निर्माण, औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और सबसे महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य।

थानों के ऊपर 20 मंजिल बिल्डिंग बना दें। सुरक्षा बना दें। ताकि पुलिस थाना आधुनिक हो जाए और उसी के ऊपर रहने की व्यवस्था बन जाएगी। हर शहर में 20-25 थाने ऐसे होंगे, जिन्हें सुधारा जा सकता है। ताकि कोई पुलिस वाला 20-25 किमी दूर जाकर घर न ले। उन्होंने यह भी आइडिया दिया है कि पूरे देश में पुलिस की एक यूनिफॉर्म होना चाहिए।

## कच्ची दीवार गिरी, छह लोग दबे, एक की मौत

**बाराबंकी।** जिले के देवा क्षेत्र में अचानक एक कच्ची दीवार और उसपर रखा छप्पर भरभरा कर गिर गया। इसके मलबे में 5 माह के बच्चे समेत 6 लोग दब गए। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबे में दबे 5 माह के बच्चे समेत 6 लोगों को बाहर निकाला। सूचना से मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से एक महिला की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया। लखनऊ में महिला की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।

# ग्रेनो में पुलिस ने किया पैदल मार्च

### संदिग्ध वाहनों की चेकिंग, लोगों से पूछताछ, महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी



जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** त्योहारों को लेकर पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है। बाजारों में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ पैदल मार्च कर रहे हैं। गुरुवार रात को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के ने पैदल मार्च किया। संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में एसीपी और थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान सड़क, मॉल, सर्राफ की दुकानों, मेट्रो स्टेशन और प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक-दिशा निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए शराब के ठेकों के आसपास के सभी होटल, रेस्टोरेंट और दुकानदारों को बिना लाइसेंस किसी भी व्यक्ति को बैठाकर शराब ना पिलाने की चेतावनी भी दी। फ्लैग मार्च के दौरान महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए उन्हें पुलिस हेल्पलाइन नम्बर के बारे में बताया गया।

## पंजाब को दहलाने की कोशिश

### तीन एके-47, तीन पिस्टल और 200 गोलियां बरामद

जय हिन्द संवाद

**अमृतसर।** पंजाब में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तान में बैठे आतंकियों की एक और कोशिश को नाकामयाब कर दिया है। बीएसएफ ने फिरोजपुर से हथियारों से भरा बैग बरामद किया। जिसमें हथियार और गोला-बारूद था। बीएसएफ ने बैग को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा कि यह बैग ड्रोन के माध्यम से यहां पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार फिरोजपुर सेक्टर में बीएसएफ की 136 बटालियन की तरफ से एक सर्च अभियान चलाया गया था। बीएसएफ को कुछ इनपुट मिले थे, जिसके बाद यह प्रयास शुरू किए गए। जीरो लाइन के बिल्कुल पास एक बड़ा बैग देखा गया। जब उसकी जांच की गई तो उसमें भारी मात्रा में गोला बारूद भरा हुआ था। बीएसएफ जवानों ने तुरंत इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

## मुठभेड़ में रिटायर दरोगा के बेटे का हत्यारोपी गिरफ्तार, पैर में मारी गोली

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** रिटायर दरोगा के बेटे अरुण उर्फ वरुण की बीच सड़क पर पीट-पीटकर हत्या करने वाले एक आरोपी से पुलिस की देर रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आरोपी के दाहिने पैर में पुलिस की गोली लगी। पूछताछ में उसने पार्किंग विवाद में पीट-पीटकर जान लेने की बात कुबूली है। वहीं, पूछताछ में आरोपी ने अपने दो साथियों के नाम बताए और वारदात में प्रयुक्त सलेरियो कार जंगल में खड़ी होने की बात कही। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया, पुलिस आरोपी को साथ लेकर कार बरामद करने के लिए सलेरियो जंगल जा रही थी। फरुखनगर हिंडन नदी के पुल पार आरोपी चिरंजीवी शर्मा ने सब इंस्पेक्टर सुभाष की सर्विस पिस्टल छीन ली और फायरिंग करके भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई और चिरंजीवी के दाहिने पैर में एक गोली जा लगी। पुलिस ने बताया कि हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को बागपत-गाजियाबाद में कई जगह दबिश दी है, लेकिन वे हाथ नहीं आ सके।

## महिला टीचर के घर में 13 लाख की ज्वेलरी चोरी

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन इलाके की फॉर्च्यून रेजिडेंसी में चोरों ने महिला टीचर के फ्लैट का ताला तोड़कर करीब 13 लाख रुपए कीमत के जेवरात चुरा लिए। टीचर का पूरा परिवार दिवाली मनाने के लिए पैतृक गांव बुलंदशहर गया था। उनके वापस आने पर चोरी का पता चला। वारदात के विरोध में रेजिडेंट्स सड़क पर उतर आए। उन्होंने प्रदर्शन किया और सोसाइटी की सिक्योरिटी पर सवाल उठाए। प्रीति सिरोही मूल रूप से बुलंदशहर में बीबीनगर क्षेत्र के सेहरा गांव की रहने वाली हैं। वे परिवार सहित राजनगर एक्सटेंशन की फॉर्च्यून रेजिडेंसी में फ्लैट नंबर बी-1208 में रहती हैं। प्रीति सिरोही गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा विभाग में बतौर टीचर तैनात हैं। फ्लैट के अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त था।






# ड्रोन हो रहा सर्वेः सिग्नल फ्री होगी नोएडा की एमपी-1 रोड

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** शहर की मास्टर प्लान रोड नंबर को जाम मुक्त बनाने की तैयारी है। इस पूरी रोड को सिग्नल फ्री करते हुए यहां एलिवेटेड रोड बनाई जाएगी। इसका प्लान 10 साल पहले 2012 में बनाया गया था। लेकिन फंड की कमी के चलते योजना को नहीं बनाया जा सका। अब हैवी ट्रैफिक के चलते एलिवेटड रोड बनाने पर फिर से मंथन शुरू हो गया है।

एमपी-1 रोड नोएडा को डीएनडी वाया दिल्ली को जोड़ती है। ये रोड 12-22 टी प्वाइंट तक है। वर्तमान में रजनीगंधा अंडरपास बनने के बाद डीएनडी से सेक्टर-19 रेड लाइट तक ये सिग्नल फ्री है। इसके आगे रेड लाइट है। हालांकि इन सिग्नल को हटाने के लिए यहां पांच यू टर्न बनाए गए है। इनमें से कुछ का निर्माण हो चुका है। ट्रैफिक को फ्लोट कराने के लिए सड़क का चौड़ी करण भी किया गया।



### परिणाम नहीं मिलने पर कराया जा रहा ड्रोन सर्वे

एमपी-1 पर कई चौराहों पर रेड लाइट को समाप्त किया जा चुका है, लेकिन जिस प्रकार से परिणाम की आवश्यकता थी, वह परिणाम नोएडा प्राधिकरण को सिग्नल फ्री करने से नहीं मिल सका। क्योंकि सड़क के एक ओर औद्योगिक सेक्टर (सेक्टर-3,4,5,7,8,9,10 और 11) और दूसरी ओर आवासीय सेक्टर (सेक्टर-12,22,20,21,25,19) है। इसके अलावा ये रोड सीधे दिल्ली को जोड़ती है। इस रास्ते पीक आवर में जाम की समस्या विकराल रूप ले लेती है।

लेकिन चौड़ा मोड़ की वजह से अब भी यहां हैवी ट्रैफिक पीक आवर में जाम में फंसता है। जिसको लेकर एमपी-1 रोड का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। इस सर्वे से यह तय हो सकेगा कि किस जगह पर अधिक जाम की समस्या और किस जगह से एलिवेटेड को उतरा व चढ़ाया जाएगा।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की ओर से मास्टर प्लान नंबर एक पर यातायात जाम की समस्या से निजात के लिए रंजनीगंधा चौक से आगे सेक्टर-19 से 12, 22 तिराहे तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कराने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। योजना को लेकर अब काम शुरू नहीं हो सका।


एक मे मॉंगो! PRIYAGOLD


**Breaking** >> नई दिल्लीः हाईकोर्ट ने एमसीडी चुनाव को लेकर परिसीमन के आदेश के खिलाफ जारी किया नोटिस >> गुजरातः शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेन्द्र सिंह आज फिर कांग्रेस में होंगे शामिल >> ग्रेटर नोएडाः 31 अक्टूबर को ग्रेनो पहुंचेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, 1 नवंबर को करेंगे राष्ट्रपति का स्वागत



नोएडा। रजत विहार के सी ब्लॉक व छठ पूजा के लिए तैयार किया गया घाट। ( छाया : जय हिन्द जनाब )

## बाराबंकी में दर्दनाक हादसा, अचानक कच्ची दीवार गिरी

# दो बच्चों समेत तीन की मौत

जय हिन्द संवाद

**बाराबंकी।** भाई को टीका लगाकर उसको आशीर्वाद देने की बहन की कामना पूरी न हो सकी। टीका करते समय घर की कच्ची दीवार ढह जाने से बहन की भी मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, सुबेहा में दीवार गिराने से दो बच्चों की मौत हो गई।

पहला हादसा गुरुवार देर रात धरमपुर मजरे मोहनपुर में हुआ। यहां के निवासी प्रताप बली रावत की पुत्रियां बेहटा चक के बैरागीपुर निवासी 30 वर्षीय साविता पत्नी राम प्रवेश और बख्शी का तालाब निवासी 25 वर्षीय गायत्री पत्नी अर्जुन मायके आई थीं। पिता के घर आने पर सभी बहनें और दामाद प्रसन्न थे। चारों ओर त्योहार की खुशियां बिखरी थीं। रात करीब नौ



बजे बहनें अपने भाइयों का टीका करने जा रही थीं कि तभी कच्ची ईंटों से बनी दीवार भरभरा कर ढह गई। सभी लोग उसके नीचे दब गए। क्षण भर में त्योहार की खुशियां चीख पुकार में बदल गईं। ग्रामीणों ने आनन -फानन सबको बाहर निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए।

गम्भीर रूप से घायल सविता को लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। राम प्रवेश, गायत्री, अर्जुन और एक अन्य घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सविता की मौत से घर और पास-पड़ोस में मातम पसरा था। एसओ पंकज सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। लेखपाल धर्मानंद पांडेय ने पीड़ित परिवार को मदद दिलाने की बात कही है।

उधर, सुबेहा थाना क्षेत्र भभूतगढ़ी मजरे मंगौवा में बुधई अपने बच्चों के साथ घर के ऊपर रखे छप्पर के नीचे सो रहे थे। बुधई शुक्रवार सुबह शौच के लिए चले गए। वापस लौटे तो देखा कि दीवार ढह गई है। दीवार के नीचे चार वर्षीय नैना व छह वर्षीय रवि दब गए। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को मलबे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी उनकी मौत हो चुकी थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।।** बहराइच-सीतापुर मार्ग पर गुरुवार की देर रात अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर किया। घटना के बाद परिवारजन में हाहाकार मच गया।

हरदी थाना के औराही के राधेपुरवा गांव निवासी 26 वर्षीय लवकुश अपने गांव निवासी एक रिश्तेदार 33 वर्षीय हीरालाल के साथ बाइक से सीतापुर जिले के रेउसा थाना स्थित राजापुर अपनी ससुराल जा रहा था। महज पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। चहलारीपुल के बीच तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना चहलारीघाट स्थित पिकेट ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दी।

सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को अपनी गाड़ी से उपचार के लिए सीएचसी रमपुरवा ले गए। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया। उपचार के दौरान लवकुश ने दमतोड़ दिया। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने हीरालाल को ट्रामा सेंटर रेफर किया। घटना के बाद कोहराम मच गया। मृतक लवकुश के पिता देशराज, पत्नी नीलम व परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। रो-रोकर पत्नी सिर्फ यही कह रही है कि अब किसके सहारे जिएंगे। मृतक के एक बेटी शिल्पी तीन साल की है। पिता देशराज ने बताया कि बेटा ससुराल के लिए निकला था तो क्या पता था कि काल उसका इंतजार कर रहा है। वह उनका इकलौता बेटा था।


## यूपी मदरसा बोर्ड के चेयरमैन बोले...

# सर्वे खत्म होने के बाद इसकी चिंता आश्चर्यजनक

जय हिन्द संवाद


**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा बीते दिनों मदरसों के सर्वे को लेकर उठाए गए सवाल पर उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डा. इफ्तिखार अहमद जावेद ने पटलवार किया है। उन्होंने कहा कि मायावती व विपक्ष के नेताओं को मदरसों व मुसलमानों से मतलब नहीं है, उन्हें तो इस बात की चिंता है कि आखिर शांतिपूर्ण ढंग से मदरसों का सर्वे कैसे पूरा हो गया। अब आगे हो सकता है कि इस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी कुछ बयानबाजी करें।

मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डा. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि सबसे पहले मदरसा बोर्ड की 15 जून 2022 को हुई बैठक में सर्वे का प्रस्ताव लाया गया। 30 अगस्त 2022 को शासन ने सर्वे



का पत्र जिलाधिकारियों को जारी किया। 10 सितंबर से लेकर 20 अक्टूबर 2022 तक सर्वे का काम संपन्न किया गया। इस बीच यह सभी विपक्षी नेता खामोशी से यह सब कुछ देखते रहे। क्योंकि इन्हें अंदाजा नहीं था कि मदरसों का सर्वे इतनी आसानी से हो जाएगा। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों ने भी इसमें सहयोग दिया। ऐसे में अब इस तरह की बयानबाजी शोभा नहीं देती।मालूम हो कि बीते बुधवार को मायावती ने मदरसों के सर्वे को लेकर सवाल उठाए गए थे। उन्होंने 7,500 से अधिक गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को मान्यता व अनुदान देकर सरकारी मदरसा बनाने की सलाह भी दी थी। उन्होंने यह भी कहा था कि यह मदरसे सरकार से बिना किसी मदद के गरीब बच्चों को तालीम देने में लगे हुए हैं। बसपा सरकार ने ऐसे 100 मदरसों को यूपी बोर्ड में शामिल किया था।

## लखनऊ में नए सिरे से आरक्षण की तैयारी बदल जाएगा कई सीटों का समीकरण




जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** रैपिड सर्वे (पिछड़ा वर्ग) की गणना का काम गुरुवार को पूरा होने से नगर निगम के 110 वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो जाएंगी। इसगणना से सीटों पर जातीय समीकरण भी बदल जाएगा। वार्डों का आरक्षण का खाका तय होने के बाद ही स्थितियां साफ हो पाएंगी, लेकिन मौजूदा पार्षदों के साथ ही पहली बार चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे संभावित उम्मीदवारों की भी धुकधुकी तेज हो गई है, वार्ड का जातीय समीकरण कैसा होगा? 2017 के निकाय चुनाव में पिछड़ा (जनगणना 2011 के आधार पर) वर्ग के लिए 20 सीटें आरक्षित की गई थीं, जो अब नगर निगम सीमा में विस्तारित क्षेत्र शामिल होने से बढ़ गई है।

इतनी सीटें होंगी आरक्षित: पिछड़े वर्ग की आबादी बढने से आरक्षण का लाभ भी इस वर्ग को अधिक मिलेगा। निकाय चुनाव में बीस के बजाय 21 सीटें पिछड़ा वर्ग (पुरुष-महिला) के लिए आरक्षित हो जाएंगी। इसी तरह अनुसूचित जाति की सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। इस वर्ग के लिए अभी तक बारह सीटें (महिला पुरुष) थीं, जो बढ़कर 14 हो जाएंगी। अनारक्षित सीट पर कैंची चल जाएगी। वर्ष 2017 के चुनाव में अनारक्षित सीट (सामान्य वर्ग) की सीटों की संख्या 53 थी, जो अब घटकर 50 हो जाएंगी। इसी तरह 25 सीटें महिला आरक्षित होंगी।

लखनऊ नगर निगम की आबादी 30.86 लाख: वर्ष 2011 की जनगणना में नगर निगम सीमा की आबादी 28.17 लाख थी2017 में रैपिड सर्वे (2011 की जनगणना के आधार पर किया गया था। तब पिछड़े वर्ग की संख्या 5.30 हजार थी। 2020 में 88 गांवों के नगर निगम में शामिल होने से 2.69 लाख आबादी बढ़ गई थी। अब नगर निगम की आबादी 2011 की जनगणना के आधार पर 30.86 लाख हो गई है। वहीं, आपत्तियां नगर निगम रैपिड सर्वे (पिछड़ा वर्ग की गणना) की अंतिम रिपोर्ट को शासन भेजने से पहले आपत्तियां मांगेंगा। नगर निगम के जोनल कार्यालयों में शुक्रवार से पिछड़ा वर्ग की सूची चस्पा की जाएगी, जिससे लोग आपत्तियां दर्ज कर सकेंगे।

# मंत्री रहते भी आजम खां पर दर्ज हुआ था भड़काऊ भाषण केस


## 2017 में सिर्फ एक केस और 2022 तक 93

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक और पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां (ढ्ढ5ड्डद्ध चद्धड्डठ्ठ) अपने तीखे भाषणों में लम्बे समय से चर्चा में हैं। लोकसभा में भी मर्यादा लांघने वाले आजम खां के खिलाफ उत्तर प्रदेश की अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहते 2017 में पहला केस दर्ज किया गया है। वह केस भी भड़काऊ भाषण का ही था। इसके बाद तो इनके खिलाफ मुकदमों की लाइन ही लगती गई। आजम खां के खिलाफ कुल 93 केस दर्ज हैं और एक में गुरुवार को उनको सजा सुनाई गई है। जिससे कि उनकी विधानसभा की सदस्यता तक जाने का खतरा हो गया है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी सरकारी अस्पतालों में शव वाहन की व्यवस्था किए जानें के निर्देश दिए

अखिलेश यादव सरकार में संसदीय कार्य, नगर विकास तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और उत्तर प्रदेश जल निगम के अध्यक्ष रहे आजम खां पर वर्ष 2017 में सिर्फ एक ही केस दर्ज था। लम्बा राजनीतिक सफर तय करने वाले आजम खां इसके बाद तो विभिन्न केस में करीब ढाई वर्ष की सजा भी काट चुके हैं। इस दौरान उनकी पूर्व सांसद पत्नी डा. तंजीन फात्मा और पूर्व विधायक बेटा अब्दुल्ला आजम खां भी उनके साथ सीतापुर जेल में बंद थे। आजम खां के खिलाफ जो पहला केस दर्ज किया गया था, वो भी भड़काऊ भाषण का ही था। उस दौरान वो कैबिनेट मंत्री थे। अब आजम खां के खिलाफ कुल 84 केस दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश में वो जमानत पर हैं। चुनावी हलफनामें के अनुसार उनके खिलाफ 80 केस दर्ज थे। चुनाव प्रचार के दौरान कई केस दर्ज हुए जिसको मिलाकर अकेले आजम खां के खिलाफ



कुल 89 केस थे। अगस्त 2022 में और केस दर्ज हुआ। अब उनके खिलाफ कुल 93 केस चल रहे हैं। जिसमें भड़काऊ भाषण देने के अलावा मदरसे से किताबें चुराने और टोल पर पुलिस के साथ बदसलूकी करने समेत अन्य मामले हैं।

पत्नी और बेटे के खिलाफ भी केस आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ कुल 164 केस दर्ज हैं। उनकी पत्नी तजीन फातिमा के खिलाफ 35 केस और बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ 23 केस दर्ज हैं। तो ऐसे कुल मिलाकर आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ कुल 164 केस दर्ज हैं। रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी के लिए जमीन पर कब्जा करने के मामले और बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आजम खां, उनकी पत्नी और बेटा लम्बी सजा भी काट चुके हैं।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र पर पासपोर्ट बनवाने के मामले में 26 फरवरी 2022 को आजम खां के साथ उनकी पत्नी और बेटे ने सरेंडर किया था। इसके बाद तीनों को सीतापुर जेल भेजा गया। दस महीने बाद उनकी पत्नी को जमानत मिल गई थी।

उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां ने 23 महीने जेल में काटे उसके बाद जमानत पर रिहा हुए। मई 2022 में 27 माह तक जेल में बिताने के बाद रामपुर सदर से विधायक आजम खां को को रिहाई मिली। इसके बाद ही रामपुर में लोकसभा का उप चुनाव हुआ, जिसमें आजम खां के खास को हार झेलनी पड़ी और भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी ने जीत दर्ज की। लोधी ने समाजवादी पार्टी के मोहम्मद आसिम रजा को हराया था।

# शोभायात्रा के दौरान पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के भांजे को पीटा, हंगामा



जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** मेरठ के सुभाषनगर में गोवर्धन पर्व पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। तभी स्कूटी लेकर जा रहे पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के भांजे की दो युवकों ने पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही दोनों पक्ष के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। एसपी सिटी का कहना है कि पिटाई करने की तलाश जारी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार निवासी पूर्व सांसद शाहिद अखलाक का भांजा अमान स्कूटी से घर लौट रहा था। सुभाष बाजार स्थित प्याऊ के नजदीक अमान की स्कूटी शोभायात्रा में शामिल बग्गी से टकरा गई। जिस पर तीन युवकों ने अमान को दबोच लिया और उसकी पिटाई कर दी। शोभायात्रा में दूसरे समुदाय के युवक की पिटाई की जानकारी लगते एसपी सिटी और सीओ कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने अमान और उसके परिवार को समझाकर शांत किया और शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। एसपी सिटी पीयूष सिंह का कहना है की अमान की स्कूटी दूसरी स्कूटी से टकरा गई थी। दूसरी स्कूटी पर सवार तीन युवकों ने अमान की पिटाई कर दी। जिनकी तलाश की जारी है। शोभायात्रा से इसका कोई संबंध नहीं है।

## बाइक टकराने पर दूसरे समुदाय के युवकों ने सफाईकर्मी को पीटा

जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** माधवपुरम स्थित खत्ता रोड पर बाइक टकराने के विवाद में सफाईकर्मी व उसके जीजा की दूसरे समुदाय के युवकों ने पिटाई कर दी। उन्होंने किसी तरह जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में बड़ी संख्या में सफाईकर्मी और भाजपा नेता थाने पहुंचे, उन्होंने कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह सफाईकर्मियों को समझाकर शांत किया। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम निवासी अभिषेक उर्फ मोंटी वाल्मीकि अपने जीजा के साथ खत्ता रोड की और से होते हुए भगवतपुरा जा रहे थे। तभी अभिषेक की बाइक पैदल जा रहे दूसरे समुदाय के युवक से टकरा गई। जिसके बाद उनमे कहासुनी होने लगी। दूसरे समुदाय के युवक ने अपने दोस्तों को बुला लिया। आरोप है कि उन्होंने मिलकर अभिषेक व उसके जीजा की जमकर पिटाई की, जिस वजह से दोनों युवक लहूलुहान हो गए। घटना का पता चलते ही भाजपा नेता कुलदीप वाल्मीकि समर्थकों के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और हंगामा कर दिया। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपितों की तलाश में दबिश दी। लेकिन आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

## आबकारी विभाग के उप निरीक्षक ने की आत्महत्या



जय हिन्द संवाद

**मुजफ्फरनगर।** उत्तम शुगर मिल खाईखेडी में अपने कमरे में आबकारी विभाग के उप निरीक्षक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुरकाजी प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि आगरा के आवास विकास सिकंदरा निवासी अशोक कुमार (55) पुत्र हरि सिंह देर रात कमरे में सोए थे। सुबह दस बजे तक कमरे से बाहर नहीं आने पर स्टाफ को शक हुआ। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने से मौके पर अन्य कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया। वहां पंखे से लटका शव मिला। शव को नीचे उतारा गय। आगरा में स्वजन को मामले की जानकारी दी गई। गुरुवार शाम को स्वजन के आने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गत जुलाई में अशोक कुमार यहां तैनाती हुई थी।

## मेरठ में लापता छात्र का शव पेड़ से लटका मिला

### लापता छात्र का शव चौकी के पीछे पेड़ से लटका मिला

**मेरठ।** सरधना क्षेत्र के मुल्हेड़ा से लापता छात्र का शव गुरुवार को मुल्हेड़ा पुलिस चौकी के पीछे वन विभाग के जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस का दावा है कि 73 हजार का कर्ज होने पर पिता ने युवक को डांट दिया था इसलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

मुल्हेड़ा निवासी वकील राणा ने बताया कि उनके मुंहबोले भतीजे सुल्तान पुत्र बिल्लू के मोबाइल पर बीते दिनों मैसेज आया था। वह ठगी वाले मैसेज के झांसे में आ गया। उसने दो लोगों से 73 हजार रुपये उधार लेकर ठग को आनलाइन ट्रांसफर कर दिए। सोमवार को दोनों लोग घर पर आए और बिल्लू को 73 हजार रुपये सुल्तान द्वारा उधार लेने के बारे में बताया। इस पर बिल्लू ने सुल्तान को फोन कर कारण पूछा था। सुल्तान ने गलती मानी थी और घर आने की बात कही थी, लेकिन शाम को उसका फोन बंद हो गया। अगले दिन मंगलवार को स्वजन थाने पहुंचे। उन्होंने गुमशुदगी की तहरीर दी थी।


# वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 13 बाइक, पांच स्कूटी, तीन तमंचे और छह कारतूस बरामद

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना पुलिस ने वीरवार को अंतरराज्यीय दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दादरी रोड से पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरोह नोएडा-एनसीआर से दुपहिया वाहन चोरी कर उन्हें डिलीवरी ब्वॉय को या ग्रामीण क्षेत्र में बेच देता था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए कई वाहन और हथियार बरामद किए हैं।

एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि बुधवार रात सूचना मिली थी कि दादरी रोड पर सेक्टर-43 के पास अंतरराज्यीय



वाहन चोर गिरोह के बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के बागेश्वर के गरूढ़ निवासी गोलू जोशी, ओरैया के गांव मऊ निवासी विक्की, मेरठ के सिकेड़ा निवासी डेविड उर्फ रवि, बुलंदशहर के बुगरासी निवासी प्रशांत और रिंकू के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 13 बाइक, पांच स्कूटी, तीन तमंचे और छह कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों से बरामद की गई 12 बाइक के संबंध में केस दर्ज हैं, जबकि अन्य के बारे में जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 14 एफआईआर दर्ज हैं।

# हर्षोल्लास से मनाया गोवर्धन पूजा



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 नॉएडा के महासचिव संजय बाली ने बताया की भगवान गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना भक्तों ने बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था की जैसे गोवर्धन नॉएडा में ही आ गया हो। सभी मताये एवं बहने गोवर्धन महाराज की दूध की धार के साथ परिकर्मा लगते हुए भजन गए रही थी उससे बहुत ही आनंद का माहौल बन गया था। भगवान गोवर्धन महाराज को अन्न कूट का भोग लगाकर आरती पूजन के उपरांत सभी को भंडारा प्रसाद वितरण किया।

# सांसद ने चुनाव की तैयारियों को लेकर की चर्चा

जय हिन्द संवाद

**त्रिपुरा।** फरवरी माह में त्रिपुरा राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्यिटगत क्षेत्रीय सांसद गौतमबुद्धनगर एवं त्रिपुरा प्रभारी तीसरी बार त्रिपुरा पहुचें। वहां पहुचने के बाद सिपाहीजला दक्षिण जिले में आयोजित बैठक में षिरकत करने से पहले दीप प्रज्जवलित किया।

उसके बाद पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। तत्पष्चात माता त्रिपुर सुंदरी के दर्शन कर आगामी विधानसभा में प्रचण्ड विजय की कामना की और आर्शीवाद लिया।

गोमाती जिले के माताबाड़ी मंडल के बूथ नंबर 27 के अध्यक्ष बिप्लब् दत्ता के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और चुनाव की तैयारियों के बारें में चर्चा की। सिपाहिला जिले की महिला



कार्यकर्ताओं को भाई एवं बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व (भैया दूज) के मौके पर बधाई एवं -शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान वी. सतीश, प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य, महामंत्री संगठन फणीन्द्र नाथ-शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित रक्षित, प्रदेश सचिव मौसमी दास, विधायक बिप्लब् घोषया, विधायक प्रमोद रियां, अध्यक्ष अभिशेक देबरॉय, मंत्री प्राणजीत सिंघा रॉय, विधायकगण रंजीत दास व बिप्लब् कुमार घोष तथा पार्टी के राज्य सचिव रतन घोष और पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

**नोएडा।** अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां नोएडा के कई सेक्टरों में जोरों से चल रही हैं।

भगवान सूर्य को अर्घ्य देने हेतु सेक्टर-75 के गोल्फसिटी,प्लाट-8 और पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के बीच स्थित सेंट्रल पार्क में छठ घाट पूर्ण रूप से निर्मित हो चुका है।घाट में स्वच्छ जल,प्रकाश आदि की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।श्री शर्मा ने बताया कि सूर्योपासना का महान छठ पर्व कल,कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है।29 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन छठव्रती खरना की पूजा करेंगी।

# जिला कारागार में मना भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भाईदूज

जय हिन्द संवाद

**दादरी।** हमारे देश में आज भी त्यौहार पर लोग दिल खोल कर खुशियां मनाते हैं। भले ही उनके दिल के अन्दर लाखों दुख छिपे हो, अपने दिल का हाल छिपाते ऐसी ही बहनों ने भैया दूज के दिन जिला कारागार में भाई के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लम्बी उम्र की दुआ करते हुए जल्द रिहाई की कामना की।

जेल अधीक्षक अरूण प्रताप ने भाईदूज के त्यौहार पर बंदियों से मिलने के लिए जेल के दरवाजे बहनों के लिए खोल दिए। इसके बाद बहनों ने भैया दूज का त्यौहार बहनों ने जेल में बंद भाइयों के साथ बिना किसी रोक-टोक के मनाया। भाई बहन के इस त्यौहार पर एक तरफ जहां बंदी भाइयों का



प्यार बहनों के लिए उमड़ा, तो वहीं बहनों के भी आंसू छलक आए।

बहनों ने जेल अधीक्षक अरुण प्रताप व उनके अधीनस्थों की सराहना करते हुए कहा कि भाई-बहन के त्यौहार पर जेल प्रशासन ने मुलाकात करा कर सराहनीय काम किया है। जेल अधीक्षक अरुण प्रताप ने कहा कि भैया दूज का त्यौहार कैदियों के लिए भी महत्वपूर्ण त्यौहार है।

जेलर जेपी तिवारी ने बताया कि जिला कारागार में भाई बहन का पावन पर्व भाई दूज का त्यौहार वीरवार को धूमधाम से मनाया गया।

# बाइक टच होने पर तीन लोगों को पीटा

जय हिन्द संवाद

**पीड़ित कांस्टेबल ने सात ज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**तीनों ने किसी तरह भागकर एक घर में घुसकर अपनी जान बचाई**

**दनकौर।** अच्छेजा बुजुर्ग गांव में गुरुवार को रामपुर बांगर गांव निवासी युवक की बाइक एक समुदाय के युवक से टच हो गई। इसी बात से गुस्साए युवक ने अपने समुदाय के अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। रास्ते से गुजर रहे दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल और एमसीडी कर्मचारी बीचबचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने तीनों को बेरहमी से पीटा।

तीनों ने किसी तरह भागकर एक घर में घुसकर अपनी जान बचाई। पीड़ित कांस्टेबल ने सात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

रबूपुरा कोतवाली के मिर्जापुर गांव निवासी अमित शर्मा दिल्ली की जाफराबाद कोतवाली में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है कि वह बुधवार रात गांव से अपनी कार में एमसीडी में तैनात देशराज के साथ दिल्ली जा रहे थे, तभी रास्ते में अच्छेजा बुजुर्ग गांव में एक समुदाय के लोग रामपुर बांगर गांव निवासी लाला को बाइक टच होने के कारण पीट रहे थे। लाला आरोपियों के आगे हाथ जो?कर छोड़ने की विनती कर रहा था। उसे देखकर वह दोनों भी कार से उतरकर लाला के पास पहुंच गए और आरोपियों से उसे बचाने लगे। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने तीनों की बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।

तीनों किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूट कर भाग निकले और गांव में ही एक व्यक्ति के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि उसके के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और पथराव भी हुआ। बाद में सूचना के आधार पर पुलिस के पहुंचने के चलते बड़ी घटना होने से टली। पुलिस का कहना है कि पीड़ित कांस्टेबल की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की पहचान उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शहीद भगत सिंह पार्क में छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सूर्योपासना का महा पर्व छठ पूजा पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है।

तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें सफल आयोजन के लिए तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई। पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति पिछले ग्यारह वर्षों से लगातार छठ पूजा महोत्सव का आयोजन कर रही है। छठ घाट को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित करने का कार्य तेजी से चल रहा है और अंतिम रूप दिया जा रहा है।यह जानकारी आयोजन समिति के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने दी। राघवेंद्र दुबे ने बताया कि घाट में पानी के साथ गंगाजल एवं गुलाब के फूलों की पंखु?ियां भी डाली जाएगी। एक कुंतल गुलाब के फूलों से छठ व्रतियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी।घाट पर रोशनी की पूर्ण व्यवस्था होगी । आपात चिकित्सा के लिए डॉक्टरों के साथ एम्बुलेंस तैनात रहेगी और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के साथ पचास वॉलंटियर्स हर हरकत पर नजर रखेंगे।

स्वच्छता एवं प्लास्टिक का उपयोग रोकने जैसे पर्यावरण संरक्षण के सन्देश के साथ छठ महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक अर्जुन प्रजापति, जय प्रकाश गुप्ता, तरुण , कृष्णा शुक्ला, गजेंद्र, , मयंक सिंह, अविनाश सिंह , आरती पाल, राजेश कुमार, मुन्नीलाल बघेल, सुधीर राय मौजूद रहे।

# एईडीआर ने रोशनी सेंटर, जेजे कॉलोनी, नोएडा के बच्चों के साथ ग्रीन दीपावली मनाई



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पर्यावरण दुनिया की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। एसोसिएशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट रिसर्च ने बच्चों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जेजे कॉलोनी, सेक्टर 16, नोएडा में सोशियो-इकोनॉमिक एम्पावरमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के रोशनी केंद्र के बच्चों के लिए ग्रीन दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया। एईडीआर के अध्यक्ष प्रोफेसर नौशाद अली आजाद ने बच्चों को बताया कि न्यूनतम प्रदूषण के साथ दिवाली कैसे मनाएं। केंद्र के 50 से अधिक बच्चों को दीपावली उपहार, चॉकलेट और मिठाई बांटी गई। केंद्र को गुब्बारों, रंगोली वर्क से सजाया गया था। बच्चों और उनके माता-पिता का उत्साह और खुशी देखकर मन प्रसन्न हो गया। एईडीआर के प्रोफेसर महापात्रा, प्रोफेसर एमएम बेग, अहमद खान, राशिद खान, नकुल, फहद, असद ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# मूक बधिर से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पकड़ा

**पीड़िता के परिजनों ने कासना थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने मूक बधिर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी अमित कुमार निवासी कासना को सिरसा गोल चक्कर से गिरफ्तार किया। उसने अपने मकान में किराये पर रहने वाले व्यक्ति की मूक बधिर 16 वर्षीय बहन के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के परिजनों ने कासना थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

# तमंचा और 500 ग्राम गांजे के साथ दो बदमाश पकड़े



**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा और 500 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है। एसीपी अब्दुल कादिर ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान गौरव कुमार पुत्र कंचन निवासी गली नंबर 1 चोटपुर कॉलोनी और तुषार पुत्र साजिद निवासी शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है।

# श्री साईं उपवन सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी को पीटने वाला एक और पकड़ा

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** शहर की श्री साईं उपवन सोसाइटी में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ जमकर मारपीट की। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बिसरख कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एक्शन लेते हुए आरोपी विमल पुत्र देवी प्रसाद को अरेस्ट कर किया है। श्री साईं उपवन सोसायटी के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि बीते बुधवार को बिजली विभाग में तैनात लाइनमैन गौरव और विमल सोसाइटी में आए थे। सोसाइटी का नियम है कि अगर कोई भी व्यक्ति एंट्री करता है तो एक नंबर से घुसता है और दो नंबर से बाहर निकलता है। उसी के तहत सिक्योरिटी गार्ड लोगों को घुसने के बाद गेट नंबर 2 से बाहर निकलवाते हैं।

सोसायटी के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि गौरव और विमल दोनों सोसाइटी में घुसे और गेट नंबर एक से ही वापस जाने लगे थे। इसका विरोध सिक्योरिटी गार्ड अतुल कुमार और अन्य सिक्योरिटी गार्ड ने किया। जिसके बाद गौरव और विमल ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब सिक्योरिटी गार्ड ने इसका विरोध किया तो दोनों ने सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट की थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी विमल को अरेस्ट कर लिया है।



# सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के साथ 50 वॉलंटियर्स भी रहेंगे तैनात

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने वीरवार को पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

यह जानकारी समिति के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि घाट में पानी के साथ गंगाजल एवं गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां भी डाली



**शहीद भगत सिंह पार्क में मनाया जाएगा छठ महापर्व**

जाएगी। एक कुंतल गुलाब के फूलों से छठ व्रतियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। घाट पर रोशनी की पूर्ण व्यवस्था होगी। आपात चिकित्सा के लिए डॉक्टरों के साथ एम्बुलेंस तैनात रहेगी और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के साथ 50 वॉलंटियर्स हर हरकत पर नजर रखेंगे। स्वच्छता एवं प्लास्टिक का उपयोग रोकने जैसे पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ छठ महोत्सव मनाया जाएगा। 30 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को सायं 5 बजकर 24 मिनट पर अर्घ्य दिया जाएगा और 31 अक्टूबर को प्रातः 6 बजकर 27 मिनट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महोत्सव का समापन होगा। इस अवसर पर समिति के संयोजक अर्जुन प्रजापति, जय प्रकाश गुप्ता, तरुण, कृष्णा शुक्ला, गजेंद्र, मयंक सिंह, अविनाश सिंह, आरती पाल, राजेश कुमार, मुन्नीलाल बघेल, सुधीर राय मौजूद रहे।

# दिवाली खत्म घर से विदाई

दीपावली की छुट्टियाँ पूरी हो गई , अब घर से विदा लेने का समय हो गया ,हमेशा की तरह आज भी घर से निकलते समय मन उतना ही भारी हैं जितना इन आंखो मे घर आने की खुशी थी , माँ सुबह से आस पास घूम रही थी और हर सामान याद दिला रही ये ले जा , ये ले जा , ये भी ले जा कपड़े , चार्जर , किताबें , न जाने क्या क्या ......

दीपावली की बची मिठाईयों के साथ दो-तीन टाईम का खाना पेक करके साफ साफ हिदायत देती हैं की टाईम पर खा लेना और खत्म हो जाये तो बनाने मे आलस ना करना ..और जब सारा सामान पेक हो गया और घर से निकल ही रहा हूँ तो पास आकर कहती हैं अब वापिस कब आयेगा ? और मैं उनकी तरह हल्की सी स्माइल देकर बिना जवाब दिये आ गई।

**क्या कहती उनसे ?**

कि माँ घर वापसी आसान नही होती , कि माँ तुम्हारी ये लड़की अब उस 10म10 के कमरे मे दिन रात एक जंग लड़ती है , कुछ कर गुजरने की जंग , कुछ बन जाने की जंग , तुम्हारे सपने सच करने की जंग , पापा की उम्मीदों पर खरा उतरने की जंग , और इस जंग मे मेरा सबसे बड़ा साथी रहेगा तो वो है तुम्हारा आशीर्वाद और तुम्हारा ये मायूस चेहरा जो तुम्हारा मेरे घर से निकलते समय था।

**पारूल**

# दैनिक जय हिन्द जनाब

शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022


## बेतुके बयान

यहां तक कि वे मजाक तो अपने प्रतिद्वंद्वी का बनाना चाहते हैं, मगर हंसी का पात्र वे खुद बन जाते हैं। फिर भी खुद को सही साबित करने की जिद नहीं छोड़ते। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भी केंद्र सरकार की खिल्ली उड़ाने की कोशिश में यही हो रहा है। डालर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत को लेकर केंद्र पर तंज कसते हुए उन्होंने कह डाला कि अब देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए देवी-देवताओं के आशीर्वाद की जरूरत है। इसके लिए भारतीय नोटो पर गांधी जी की तस्वीर के साथ लक्ष्मी और गणेश का चित्र भी छापना शुरू कर देना चाहिए। इस तरह रुपए पर उनकी कृपा बनी रहेगी। अपनी बात में वजन डालने के लिए उन्होंने इंडोनेशिया के रुपए पर गणेश जी की तस्वीर छापने का उदाहरण भी दे दिया। स्वाभाविक ही उनके इस बयान को लेकर भाजपा को निशाना साधने का मौका मिल गया है। वह चुन-चुन कर उनके वे सारे बयान गिना रही है, जब केजरीवाल ने ऐसे प्रयासों के लिए भाजपा का विरोध किया था। गुजरात के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में आम आदमी पार्टी भाजपा को पटखनी देने के दावे कर रही है। इस तरह वह केंद्र सरकार की सारी नाकामियां गिनाती फिर रही है। इसी क्रम में केजरीवाल ने रुपए की हालत को मुद्दे के रूप में उठा लिया। मगर वे अर्थव्यवस्था को लेकर बात करते, तो शायद उतनी अटपटी न लगती, जितनी रुपए के स्वरूप को बदलने की उनकी सलाह लगी। छिपी बात नहीं है कि आम आदमी पार्टी भाजपा को उसके ही हथियार से हराना चाहती है। इसी कोशिश में केजरीवाल बार-बार खुद को भाजपा से अधिक राष्ट्रवादी और हिंदू हितैषी साबित करने का प्रयास करते दिखते हैं। पूरी दिल्ली में तिरंगा लगाने का मामला हो या फिर बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर भेजने का, हर मंच से इन्हें अपनी बड़ी उपलब्धियों में गिनाते रहे हैं। रुपए पर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर छापने की सलाह भी उन्होंने इसी मंशा से दी कि इस तरह वे हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर सकेंगे। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन्हें इस बात की समझ न हो कि भारतीय रुपए पर किसी देवी-देवता की तस्वीर न छापने के पीछे मकसद क्या है। हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर बल देता है। यह ठीक है कि चुनावी माहौल में मतदाता चुटीले बयानों को देर तक याद रखते हैं। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं लगाया जा सकता कि इसका लाभ उठाने के लिए बेतुके बयान दिए जाएं। अरविंद केजरीवाल मुफ्त की सेवाओं का दावा कर जनमत अपने पक्ष में करने का नुस्खा लंबे समय से आजमाते आ रहे हैं। इससे लोग प्रभावित भी हैं, फिर उन्हें ऐसी क्या मजबूरी हो गई कि धार्मिक भावनाओं से खेलना शुरू कर दिया।क्या वास्तव में आम आदमी पार्टी के अपने मूलभूत सिद्धांतों से यह बयान कहीं मेल खाता है, जिसका सहारा उन्होंने लेना शुरू किया है। यह बयान देकर उन्होंने भाजपा को तो घेरने का मौका दे ही दिया है, दूसरे धर्मों और आस्था के लोगों या फिर पंथनिरपेक्ष मतदाताओं को नाराज करने का ही काम किया है। सत्ता हासिल करने के लिए कुछ भी दांव चल देना न सिर्फ लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि पार्टी की सैद्धांतिक जमीन पर भी सवाल खड़े करता है।

# कुदरत से खिलवाड़ के खतरे



ऊपर से जलवायु नियंत्रण के लिए रासायनिक प्रयोगों ने आग में घी का काम तो नहीं कर दिया? आखिर क्यों जलवायु परिवर्तन को लेकर ढिंढोरा पीटने वाले दुनिया भर के चिंतक, राजनेता, शासक और शोध संस्थान चुप हैं या जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं? क्या बदलते, बेकाबू होते और छिन-पल बिगड़ते मौसम के लिए वे शोध और प्रयोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्हें वैज्ञानिक तो कहा जा सकता है, लेकिन कुदरत के अनुकूल कतई नहीं। यह सवाल काफी हद तक चिंतित करता है और विश्वास करने पर मजबूर भी। सबसे गहरा सवालिया निशान चीन पर है, जिसने बीते दस वर्षों में मौसम में अपने अनुकूल सुधार के लिए लगभग पचास लाख प्रयोग कर डाले और अथाह पैसा बहाया। इसे लेकर चीन पर कई आरोप भी लगे। इसी जुलाई और अगस्त में चौंसठ दिनों तक चीन में जबर्दस्त लू चली, काफी गर्मी पड़ी। कई इलाकों का तापमान चालीस डिग्री को पार कर गया। बड़ी-बड़ी नदियां और दूसरे जलस्रोत सूखने लगे। फसलों को बचाने के लिए चीन ने बड़े पैमाने पर 'क्लाउड सीडिंग' तकनीक अपनाई और बारिश कराई। दूसरे कई देश भी कभी प्रयोग, तो कभी जरूरत के लिए थोड़ा-बहुत इस तकनीक को अपनाते रहे हैं। तरीका वैज्ञानिक जरूर है, लेकिन प्रकृति-विरोधी है।जुलाई का महीना यों तो संयुक्त अरब अमीरात के लिए सूखा और गर्म होता है, लेकिन अबकी बार एक ही दिन में इतनी भयंकर बारिश हुई कि जितनी वहां पूरे साल में नहीं होती। इसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वहां भी जबसे कृत्रिम तरीके आजमाए जाने लगे हैं, तभी से ऐसा होने लगा है। कमोबेश यही स्थिति पिछले साल गर्मियों के दौरान जर्मनी और बेल्जियम में दिखी। वहां जबर्दस्त बाढ़ आई। मौसम के बिगड़ते रूप को सिर्फ तापमान से नहीं जोड़ सकते, क्योंकि सर्दी, गर्मी, बर्फबारी, बेमौसम बारिश और बाढ़ की तबाही के तमाम मंजर सामने हैं।

इधर भारत में अक्तूबर माह में लौटते मानसून के साथ आधे से ज्यादा देश में बाढ़, बारिश से तबाही का वह रूप दिखा जो अमूमन नहीं दिखता। देखना होगा कि क्यों पुणे में अक्तूबर के तीसरे हफ्ते में बारिश का एक सौ चालीस सालों का रिकार्ड टूटा? वहीं महाराष्ट्र के कई इलाकों में लौटते मौसम से खड़ी फसल बर्बाद हो गई। पूरे उत्तराखंड में अगस्त के आखिरी सप्ताह में बारिश का जबर्दस्त कहर दिखा।उत्तर प्रदेश में भारी और एकाएक बारिश से अक्तूबर के दूसरे हफ्ते में इटावा के पास बांध टूटने से सैकड़ों गांवों में पानी घुस गया। इसी तरह आजमगढ़ जिले में कैंची बांध भी भारी बारिश के दबाव से टूट गया और गहरी नींद में सोए सैकड़ों लोगों के घर डूबने लगे। आंबेडकर नगर और बाराबंकी में सरयू नदी से हजारों लोगों के आशियाने तबाह हो गए।

यही हाल दर्जनों जिले में था। मध्यप्रदेश में बाणसागर की दो नहरें टूट गईं। इसी तरह दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सितंबर के आखिरी हफ्ते की बारिश ने सबको हैरान कर दिया। पूरे देश में इस बारिश ने अपना अलग ही रंग दिखाया। बंगलुरु में बारिश की तबाही ने नब्बे साल का रिकार्ड तोड़ दिया। पड़ोसी नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हालात भी हम से अच्छे नहीं रहे।

मौसम के ऐसे परिवर्तन के लिए दूसरे ज्ञात तत्त्व भी जिम्मेदार हैं, जिनमें जंगलों का अंधाधुंध दोहन, पहाड़ों को गिट्टियों में बदलना, नदियों से अंधाधुंध रेत निकालना, जीवाश्म ईंधन- कोयला, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी के तेल के बेहिसाब उपयोग से वायुमंडल को प्रदूषित करना और तापमान बढ़ाने वाली गैसों का अंधाधुंध उत्सर्जन, सबको पता है। मगर कम सुर्खियों और चर्चाओं में रहे 'क्लाउड सीडिंग' और दूसरी जलवायु नियंत्रण तकनीकों के प्रभावों और परिणामों पर भी गंभीर वैज्ञानिक मंथन करना होगा। कृत्रिम बारिश, बर्फबारी नियंत्रण, तापमान नियंत्रण के प्रयासों के परिणामों को भी जानना होगा।

वायुमंडल का तापमान बढ़ाने के लिए पहले ही औद्योगीकरण और शहरीकरण काफी हद तक जिम्मेदार हैं, जिससे ग्रीन हाउस गैसों का संतुलन प्रभावित हो गया है। वर्ल्ड मेट्रोलाजिकल आर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर के छप्पन देश 'क्लाउड सीडिंग' का प्रयोग कर रहे हैं, मगर फायदे-नुकसान पर चुप्पी साधे हुए हैं। इस बारे में यदा-कदा ही कुछ सामने आता है, पर दावे के साथ कोई कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है कि ऐसे प्रयोग प्रकृति के लिए फायदेमंद हैं या नुकसानदेह! अपने-अपने तर्क जरूर देकर खुद ही तसल्ली कर लेते हैं। मगर हाल ही में जिस तरह के प्रकृति के प्रकोप एकाएक सामने आए हैं, उनकी वजहों को ढूंढ़ना ही होगा।


ऐसा क्यों हो रहा है, इसके पीछे कौन से वैज्ञानिक प्रयोग हैं या प्राकृतिक वजहें ही हैं, जिस पर ज्यादा चर्चाएं या बैठकें नहीं हुईं। भले यह मानने का कोई आधार नहीं है, लेकिन क्या पड़ोस में 'क्लाउड सीडिंग' के जरिए की गई रासायनिक क्रियाओं के दुष्परिणामों का असर तो नहीं? हो सकता है, देर-सबेर सच सामने आए, लेकिन जिस तरीके से मौसम को नियंत्रित करने की कोशिशों के दौरान पास-पड़ोस में असामन्य परिवर्तन या प्रभाव दिख रहा है उसका जवाब तो जरूरी है। क्या 'क्लाउड सीडिंग' के दौरान बादलों पर सिल्वर आयोडाइड और दूसरे रसायनों के छिड़काव और प्रयोगों से कोई रासायनिक क्रिया हुई, जो वायुमंडल में ही एक पाकेट बन कर आसमान में अदृश्य गैसों के रूप में इकट्ठी होती रही, जिसका हमें पता ही नहीं चला? ये अदृश्य 'गैस पाकेट' मौसमी हवाओं के रुख के साथ चल पड़े और लगातार चलते-चलते प्राकृतिक क्रियाओं के सामने अपना असर खोते गए, जिससे रासायनिक क्रियाओं से बनी सघनता और जटिलता ढीली पड़ने लगी। जहां-जहां ऐसे पाकेट बेहद कमजोर हुए, वहां एकाएक और तेज बारिश के रूप में फूट पड़े! यह केवल कयास या शंकाएं हैं, लेकिन आधारहीन नहीं हैं। जलवायु नियंत्रण को लेकर एक अलग तरह की चिंता भी दिख रही है। क्या भविष्य में इसका दुरुपयोग सत्ता की खातिर युद्ध की विभीषिका के रूप में भी किया जा सकता है? दुश्मन देश की निगाहें जिस देश या सत्ता को अस्थिर करने पर हों, वहां पर ऐसे नियंत्रणों से बेतरतीब तबाही करके भी एक तरह से विजय हासिल की जा सकती है। अगर ऐसा हुआ और जिसको लेकर जरूर कभी-कभार चिंताएं झलकनीं शुरू हो गईं हैं, तो यह अलग ही तरह के युद्ध का भयानक दौर होगा। इसका प्रभावित क्षेत्र के आम जनजीवन पर असर तो पड़ेगा ही, प्रकृति के साथ भी बहुत बड़ी बेरहमी होगी, जिसकी भरपाई लगभग नामुमकिन-सी होगी।

बेशक, अत्यधिक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जिसका वैश्विक तापमान पर सीधा असर पड़ा है। वहीं 'क्लाउड सीडिंग' या सर्दी, गर्मी, बारिश, बर्फ पर ऐसे गैर-प्राकृतिक तरीकों से नियंत्रण और मनमाफिक क्रियाकलापों से जलवायु चक्र भटकता, टूटता और प्रभावित होता है। यह भी गैर-प्राकृतिक प्रयोगों का दुष्परिणाम है।

प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के बेहिसाब दोहन से पहले ही प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है, ऊपर से जलवायु नियंत्रण के लिए रासायनिक प्रयोगों ने आग में घी का काम तो नहीं कर दिया? आखिर क्यों जलवायु परिवर्तन को लेकर ढिंढोरा पीटने वाले दुनिया भर के चिंतक, राजनेता, शासक और शोध संस्थान चुप हैं या जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं? कहीं इस चुप्पी या अनदेखी के पीछे दुनिया को अपनी समृद्धि के रुतबे से काबू करने की कोशिश तो नहीं? अगर ऐसा हुआ तो एक दिन प्रकृति जलवायु से अपना नियंत्रण खोकर उन हाथों की कठपुतली बन जाएगी, जो ताकतवर बन कर दुनिया को अपनी उंगली पर नचाने का ख्वाब पाले हुए हैं। भूलकर भी ये दिन न देखना पड़े, वरना समूची मानवता और प्रकृति के लिए इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता।

## धर्म-कर्म

### इतिहास के स्वर्णाक्षरों में वर्णित है गिद्धौर की मां दुर्गा की महिमा



गिद्धौर के पतसंडा की माँ दुर्गा की आराधना इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में वर्णन है. इस मंदिर का दुर्गा पूजा सदियों से चर्चित रहा है. उलाई तथा नागी नदी के संगम तट पर बने इस मंदिर के विषय में मान्यता है कि यहाँ स्नान करने के उपरांत माता के मंदिर में हरिवंश पुराण का श्रवण करने से निस्संतान दंपत्ति को गुणवान पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है.

शताब्दियों पूर्व गिद्धौर राज रियासत के तत्कालीन चंदेल राजा जय मंगल सिंह द्वारा स्थापित यह दुर्गा मंदिर सूबे में अपना विशेष स्थान रखता है. इस इलाके के लोग यहां के दशहरे को देखने अन्य राज्यों से भी आते हैं. पुरानी परंपरा व पौराणिक विधान के अनुरूप तांत्रिक विधि से पूजा संपादन आज भी यहां देखने को मिलता है. नवरात्रि के समयावधि में प्रतिदिन यहां हजारों श्रद्धालु श्रद्धा-विश्वास के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन एवं पूजा-आराधना करने आते हैं.

काली है कलकत्ते की, दुर्गा है पतसंडे की' ये सदियों पुरानी कहावत आज भी चली आ रही है. दशहरा के अवसर पर यहां भव्य मेला लगता है. कहा जाता है कि राज घराने के जमाने में मेला के दौरान गिद्धौर महाराज दर्शन के लिए जनता के बीच उपस्थित होते थे. इस मौके पर ब्रिटिश राज के बड़े-बड़े अधिकारी भी महाराजा के मेहमान हुआ करते थे. जो मेला में भी शिरकत करते थे. कालांतर में इस मेले को चंदेल वंश के उत्तराधिकारियों ने जनता को सुपुर्द कर दिया तब से लेकर आज तक पौराणिक परंपरा के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा इस मंदिर में पूजा का आयोजन कराया जाता है. तांत्रिक रीति से पूजन विधि अपने-आप में एक अलग परम्परा रही है. मनोकामना सिद्धि एवं सदैव जागृत रहने वाले इस मंदिर में आश्विन मास के नवरात्री के समय स्थानीय सहित दूर-दराज के श्रद्धालुओं का वृहद संख्या में आगमन होना इस बात का दर्शाता है कि यहाँ के दुर्गा पूजा का महत्व चारो ओर प्रसिद्ध है. श्रद्धालुओं की आस्था उन्हें यहाँ तक खींच लाती है. धार्मिक विश्वास, श्रद्धा एवं समर्पण के भाव से श्रद्धालु उलाई नदी में स्नान कर नदी किनारे से ही दंडवत देते हुए मंदिर की परिक्रमा कर माता की पूजा-अर्चना करते हैं. दंडवत देने का यह रिवाज शताब्दियों से चला आ रहा है. इसकी शुरुआत कब से हुई इसकी सटीक जानकारी किसी के भी पास उपलब्ध नहीं है

## यूपी में खरी उतरी योगी सरकार

भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्वच्छ छवि के मालिक, ओजस्वी वक्ता, कुशल संगठनकर्ता पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इरफान अहमद जी ने कहा है कि आज उत्तर प्रदेश में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास का माहौल है। गलत करने वालों में भय का माहौल है और यह होना भी चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि सुरक्षा का वातावरण उपलब्ध कराकर योगी आदित्यनाथ जी ने न सिर्फ आम लोगों का जीवन बेहतर किया है बल्कि निवेश और व्यापार का माहौल भी बनाया बेहतर। निवेशकों में जगा भरोसा. नोएडा, गाजियाबाद से लेकर अयोध्या, गोरखपुर, बनारस तक अर्थव्यवस्था में खासी तेजी आई है। विदेशी निवेश में तो बढ़ौत्तरी देखने को मिल ही रही है, साथ ही स्थानीय लोग भी नए-नए कामों में अवसर देख रहे हैं।*

*उत्तर प्रदेश के व्यापक दौरे से लौटकर इरफान अहमद जी ने आज पत्रकारों को बताया कि साढ़े पांच साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने को ही प्राथमिक मुद्दा बनाया। उसी कारण संपूर्ण उत्तर प्रदेश में आज कानून का राज है। बाहुबली, गुंडे, माफिया, मनचले सब ने कारोबार की तरफ रुख कर लिया है।*

*उन्होंने बताया कि आज स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं दिन हों या शाम आराम से पढ़ने जा रही हैं। दुकानदार शाम सात बजे की जगह 10-11 बजे तक दुकान लगा रहे हैं और देर रात तक कमाई करके घर लौट रहे हैं। हाट-बाजार से वसूली का काम नदारद है। रात में भी माल ढुलाई और रवानगी का काम चालू है। कमजोर से कमजोर तबके के आम आदमी की सुनवाई थाने पर हो रही है। अगर कहीं कोई घटना होती भी है तो तुरंत कार्रवाई होती है। कितना ही बड़ा और ताकतवर माफिया गुनहगार क्यों



इरफान अहमद

न हो अगर उसे किसी अपराध में संलिप्त पाया गया है तो पुलिस तुरंत हरकत में आती है।*

*इरफान जी आगे बताया कि पिछली सरकारों में ऐसा संभव नहीं था। सत्ताधारी दल का कोई अदना-सा पदाधिकारी भी थानेदार और पुलिसकर्मी को ट्रांसफर की धमकी दे जाता था। शायद योगी आदित्यनाथ जी को इस बात का अंदाजा पहले से था कि राज्य में सबसे पहले कानून-व्यवस्था ठीक करके वातावरण निर्माण करने की जरूरत है। इसीलिए उन्होंने 2017 में सरकार बनने के बाद कानून-व्यवस्था पर काम करना शुरू किया। उन्होंने भ्रष्ट, कामचोर और फाइलों को दबाकर बैठने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर भी अंकुश लगाया। शुरुआती कामों में रोमियो स्क्वायड का गठन, महिला थानों की संख्या बढ़ाना, पिंक बूथ और पर्यटन थाने शामिल रहे। कानपुर, नोएडा, लखनऊ, वाराणसी जैसे महानगरों में कमिश्नर व्यवस्था लागू की।*

*उत्तर प्रदेश स्पैशल सिक्योरिटी फोर्स और एंटी टैरर स्कवॉयड की चार नई बटालियन और तीन नई महिला बटालियन का गठन भी किया गया है। 2018 से अब तक राज्य में सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए छह हजार करोड़ से ज्यादा की धनराशि लगाई जा चुकी है। पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण का काम भी तेजी से हुआ है। पुलिस बैरकों, इमारतों, होस्टलों और थानों को बेहतर बनाया जा रहा है। और योगी जी सरकार में सुरक्षाकर्मी का सम्मान बढ़ा है जिससे वह अपनी डयूटी पूरी दृढ़ता के साथ निभा रहे हैं।*

*उन्होंने बताया कि एक आकलन के अनुसार, राज्य में सुरक्षा का माहौल सुधरने से करीब चार लाख करोड़ का निवेश हुआ है। हालांकि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का सुशासन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में क्या योगदान हो सकता है इस पर एक व्यवस्थित अध्ययन किया जाना बाकी है। प्रदेश में पिछले 66 महीनों में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बेहतर होने की वजह से विकास के विभिन्न मापदंडों पर जो प्रगति की गई उसे आधार बनाकर ऐसा अध्ययन अवश्य किया जाना चाहिए। कहना न होगा कि अध्ययन के परिणाम गुणात्मक होंगे जो कई नए रास्ते खोल सकते हैं।*

*इरफान अहमद जी ने बताया कि दुनिया के विकासशील देशों और देश के अन्य राज्यों जिनकी जनसंख्या 7-8 करोड़ से अधिक है उनके लिए भी योगी सरकार का ये प्रयोग कारगर सिद्ध हो सकता है। 24 करोड़ की आबादी वाले राज्य में कोरोना की त्रासदी के बाद हुए चुनाव न सिर्फ योगी आदित्यनाथ जी बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए भी बड़ी चुनौती थे। लेकिन योगी जी के अनुशासन और मोदी जी के राशन ने अपना कमाल दिखाया और प्रदेश की राजनीति में फिर से एम वाई फैक्टर काम कर गया लेकिन इस बार इसके मायने थे मोदी-योगी।*

*उन्होंने बताया कि अभी हाल में ही हुए एक सर्वे में योगी आदित्यनाथ जी को अपने कामों के कारण ही देश का सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री आंका गया है यानी उनकी लोकप्रियता प्रदेश की सीमाओं से बाहर भी लगातार बढ़ रही है।

## बात ज्ञान की

**रसूल-अल्लाह सलअल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया अगर में किसी मुसलमान भाई के साथ उसकी ज़रूरत पूरी करने के लिए चलूँ तो ये मुझे इस मस्जिद ( मस्जिद ए नब्वी ) में एक महीना एतकाफ़ में बैठने से ज़्यादा महबूब है. अल सिलसिला सहीहा 209 रसूल-अल्लाह सलअल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जो शख्स अपने भाई की ज़रूरत पूरी करे अल्लाह सुबहानहु उसकी ज़रूरत पूरी करेगा. जो शख्स किसी मुसलमान की एक मुसीबत को दूर करे।**

## मजहब-ए-इस्लाम

### शब -ए -मेराज

अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद सल्लल्लाह अलैह व सल्लम की मुलाकात अल्लाह से हुई थी. इसी मुलाकात की रात को शब ए मेराज कहते हैं. इस वर्ष यह रात 27 रज्जब अर्थात 24 अप्रैल को है. अरबी में शब का अर्थ रात और मेराज का अर्थ सीढ़ी अथवा मुलाकात है. इस रात को रसूल की अल्लाह से मुलाकात की रात भी कहते हैं.

कुरआन पाक की सुर ए असरा की पहली आयत में इसका जिक्र है. जिसका अर्थ है...वह अल्लाह पाक है जो रातों रात अपने बंदे को मसजिद ए हरम से मसजिद एक अक्सा तक ले गया, जिसके आसपास हमने बरकतें दे रखी है, ताकि हम अपनी कुदरत की चंद निशानियां उसको दिखला सकें.

मेराज का वाक्या मक्का में सन् 10 नबवी में हुआ था. यानि नबुवत के दसवें साल मेराज हुई थी. आप(स.) ने जब मेराज की रात गुजारने के बाद अपनी उम्मत से दूसरी सुबह मेराज का जिक्र किये तो लोग हैरत में पड़ गये. कुछ ने मजाक उड़ाना शुरू किया, लेकिन इमान लाने वाले मुसलमानों ने इसे कबूल किया. सबसे पहले हजरत अबूबकर सिद्दीक (रजि) ने इसकी पुष्टि की और उसी दिन से सिद्दीक का लकब पाये. अमीर माविया (रजि) ने इसे सही कहा,

क्योंकि उन्होंने रसूल अल्लाह के मेराज के सफर के दौरान देखा था. हजरत आयशा (रजि) उस वक्त आप (स.) की निकाह में नहीं थी, लेकिन आप ने कहा मेराज रूहानी थी. आप(स.) मेराज की रात मसजिद ए हरम में आराम फरमा रहे थे. वहीं से हजरत जिब्रैल अमीन ने बुराक की सवारी में आप को मसजिद ए अकसा तक ले गये. जहां अल्लाह ने अपनी कई निशानियां दिखायी और फरमाया यह लोगों की आजमाइश का जरिया है. इमाम हसन बुसरा ने मेराज की हदीस लिखे हैं. वह कहते हैं कुरआन में मेराज से संबंधित आयतें नाजिल हुई हैं. इस्लाम के मानने वालों का कहना है कि अल्लाह से रसूल की मुलाकात शारीरिक तौर पर हुई थी. उनका मानना था कि यदि अगर सपना में मेराज हुई होती तो मुसरेकीन इससे इंकार नहीं करते और कमजोर इमान वाले मुसलमान फितने में नहीं पड़ते. कुरआन पाक से साबित होता है कि रात के वक्त अल्लाह ने अपने नबी (स.) को मसजिद ए हरम से लेकर मसजिद एक अक्सा में अपनी निशानियां दिखायी.

मेराज का सफर मक्का से शुरू हुआ और चंद मिनटों में मदीना तक पहुंच गया. वहां नमाज अदा करने के बाद कोहे तूर देखे, जहां मूसा (अ) अल्लाह से बात किया करते थे. ईसा (अ.) की पैदाइस स्थल बाबूलहम, बैतुल मुकद्दस, मसजिद ए अक्सा देखे.


मसजिद ए अक्सा में सभी नबियों की इमामत आप (स.) ने की. फिर पहले आसमान पर फरिश्ते व हजरत आदम (अ.) से मिले. दूसरे आसमान पर हजरत ईसा (अ.) व हजरत यहया (अ.), तीसरे में यूसूफ (अ.), चौथे में हजरत इदरीस (अ.), पांचवें में हजरत हारुन (अ.) छठे आसमान पर हजरत मूसा (अ.) से मुलाकात हुई. यहां मुसा (अ.) ने बशारत दी कि कयामत के दिन आप ही अपनी उम्मत की बक्शीश करवायेंग।

## बच्चों की कहानी

### गोरे काले का भेदभाव

गोरे काले का भेदभाव- ङ्क एक मकान में एक नीम का पेड़ था। जिस पर एक कौआ रहता था। वह बड़ा दयालु प्रवृति का था। उसी मकान में ही एक कबूतर ने घोंसला बना रखा था। दोनों में कोई मित्रता नहीं थी। कौए ने कई बार कबूतर से दोस्ती करने का प्रयत्न किया। लेकिन हमेशा कबूतर ने यह कहकर टाल दिया कि देखो। मैं कितना गोरा हूँ और तुम हो एकदम काले। अपनी दोस्ती कैसे हो सकती है भला। बेचारा कौआ मन मसोस कर रह जाता, लेकिन कबूतर की बात का कभी बुरा नहीं मानता था। एक दिन की बात है कि कबूतर अपने घोंसले के बाहर बैठा सुस्ता रहा था कि अचानक एक चील ने आकर उसे झपट्टा मारा। कबूतर किसी तरह से चील से तो बच गया लेकिन घायल होकर बेहोश हो गया।

कौआ पेड़ पर बैठा यह सब देख रहा था। उससे रहा नहीं गया। उसने कबूतर की बड़ी सेवा की। धीरे धीरे कबूतर की बेहोशी दूर हो गई। कबूतर एकदम स्वस्थ्य हो गया। बेहोशी दूर होते ही जैसे ही उसने आँखें खोलीं। अपने पास कौए को देखकर उसने अपनी आँखे बंद कर ली और ऐसा नाटक करने लगा जैसे मर गया हो।



उसकी यह दशा देखकर कौए ने धीरे से कहा। भैय्या डरो मत, अब तुम बिल्कुल स्वस्थ हो, मैं तुम्हारा दोस्त हूँ दुश्मन नहीं। तुम कई दिनों से बीमार पड़े थे। मैंने ही तुम्हारी देखभाल की है।

कबूतर बोला- तुमने मेरी देखभाल क्यों की, मुझे मर जाने दिया होता। तुम काले हो, मैं एकदम गोरा चिट्टा। अपना साथ कैसे हो सकता है भला।

हाँ, लेकिन तुमने यह सब मेरे लिए क्यों किया? कबूतर ने टेढ़ी आँख करते हुए कौए से कहा। कौए ने उत्तर दिया, इसलिए कि मैं तुम्हें अपना दोस्त बनाना चाहता हूँ। काले गोरे का भेदभाव मिटाना चाहता हूँ। कौए ने कबूतर को समझाते हुए कहा।

भैय्या बात यह है कि हमारा रंग अलग अलग है। जाति, धर्म सब अलग अलग है, लेकिन हमारा दोनों का दिल तो एक ही तरह धड़कता है, खून का रंग एक जैसा है। तुम्हारे अन्दर भी जो सब कुछ है वह सब कुछ मेरे अन्दर भी है। मेरे मित्र, तुम इस बात को थोड़ी बुद्धि से काम लो। तब जाकर तुम मेरी बात को समझ पाओगे। फिर तुम्हें यह काले गोरे का भेदभाव नहीं दिखेगा। कौए की यह बात सुनकर गोरे कबूतर का सिर शर्म से झुक गया और उसने कौए को गले से लगा किया।

# विस्थापन और उचित मुआवजे की मांग पर किसानों का धरना





**ग्रेटर नोएडा।** आज सुबह जेवर एयरपोर्ट के अंतर्गत आने वाले गांव रन्हेरा के किसानों ने विस्थापन और उचित मुआवजे की मांग को लेकर यमुना विकास प्राधिकरण के दफ्तर पर धरना दिया। **( छाया : जय हिन्द जनाब )**

## हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए आठ बिंदुओं पर किया जाएगा सेंटर का चयन

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने 2023 में होने वाली हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र का चयन इस बार आठ बिंदुओं पर किया जाएगा। मूलभूत सुविधाओं के अलावा इस बार उन्हीं स्कूल को वरीयता दी जायेगी जहां स्मार्ट क्लास और सबसे ज्यादा टॉपर निकलते है।

**स्मार्ट क्लास और टॉपर देने वाले स्कूल बनेंगे परीक्षा केंद्र**

जिला विद्यालयी निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस बार बोर्ड ने केंद्र निर्धारण के लिए कुछ अतिरिक्त बिंदु शामिल किए हैं। परीक्षा केंद्रों का मूल्यांकन कुल आठ बिंदुओं के आधार पर होगा। उसके आधार पर मुख्यालय से आनलाइन केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

जिन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं का संचालन हो रहा है। उनको पांच नंबर अतिरिक्त दिए जाएंगे, जबकि जिला स्तर पर टॉप 10 में शामिल स्कूलों को पांच और राज्य स्तर पर टॉपर देने वाले स्कूलों को 10 अंक मिलेंगे।

यह श्रेणी पहली बार केंद्र निर्धारण नीति में शामिल किए गए हैं। एक पाली में 125 से अधिक छात्रों को परीक्षा कराने वाले वित्त विहीन स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। इससे कम संख्या वाले वित्त विहीन स्कूलों को केंद्र नहीं बनाया जाएगा। राजकीय व सहायता प्राप्त स्कूल इस नियम से बाहर रहेंगे। बोर्ड परीक्षा में जिन निजी स्कूलों के 30 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थी अनुपस्थित थे।

उनको भी केंद्र नहीं बनाया जाएगा। 10वीं व 12वीं में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 80 से कम होने पर भी स्कूल को केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जिन स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। वहां पर छात्राओं का स्वकेंद्र रहेगा।केंद्रों का निर्धारण पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जियो टैगिंग के आधार पर होगा।


## प्रदेश अध्यक्ष से मिले नोएडा के कांग्रेसी

**जय हिन्द संवाद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय 24 अकबर रोड पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश अवाना व नोएडा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन के नेतृत्व में नोएडा के कांग्रेसियों ने की मुलाकात की उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने व दिवाली की शुभकामनाएं बधाई दी।



बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश अवाना, नोएडा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, असंगठित कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश महासचिव जावेद खान, रामकुमार शर्मा ,वीरेंद्र मुखिया, राजन बिष्ट,आरके धवन , एसएस राणा, ज्योति पाल, दानिश, गुलफाम ,जीशान चौधरी ,आर के प्रथम ,इस्माइल, साहिल, इरफान, दानिश खान, शादाब अली ,फैजान चौधरी, साहिल , मदन मोहन शर्मा व अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।




**नोएडा।** डायरेक्ट टेक्स को लेकर एसोकेम की वर्चुअल मीटिंग में हिस्सा लेते उद्यमी। **( छाया : जय हिन्द जनाब )**



अरविन्द केजरीवाल
मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय, आई०पी०एस्टेट,
नई दिल्ली–110002
ऑफिस–23392020, 23392030
फैक्स – 23392111

आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक तरफ गांधी जी की और दूसरी तरफ श्री गणेश जी और लक्ष्मी जी की तस्वीर होनी चाहिए। आज देश की अर्थव्यवस्था बहुत बुरे दौर से गुजर रही है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी भारत विकासशील और गरीब देशों में गिना जाता है। हमारे देश में आज भी इतने लोग गरीब हैं। क्यों ?

एक तरफ हम सब देशवासियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है तो दूसरी ओर हमें भगवान का आशीर्वाद भी चाहिए ताकि हमारे प्रयास फलीभूत हों। सही नीति, कड़ी मेहनत और प्रभु का आशीर्वाद – इनके संगम से ही देश तरक्की करेगा।

कल एक प्रेस वार्ता करके मैंने सार्वजनिक रूप से इसकी मॉंग की। तब से सामान्य जन का इस मुद्दे पर जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। लोगों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह है। सभी लोग चाहते हैं कि इसे तुरंत लागू किया जाए।

सादर सहित।

श्री नरेन्द्र मोदी,
माननीय प्रधानमंत्री,
प्रधानमंत्री कार्यालय,
साउथ ब्लॉक, रायसिना हिल,
नई दिल्ली

Arvind Kejriwal
@ArvindKejriwal

मैंने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर 130 करोड़ भारतवासियों की ओर से निवेदन किया है कि भारतीय करेंसी पर महात्मा गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए।

## योगी ने 4 पॉइंट्स में बताई यूपी की खासियत

**जय हिन्द संवाद**

**लखनऊ।** देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर फरीदाबाद के सूरजकुंड में गुरुवार से दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू हुआ। यह आज खत्म होगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस शिविर में शामिल हुए। योगी ने पहले दिन कानून व्यवस्था के यूपी मॉडल की खासियत के बारे बताया।



उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में चार मुख्य बिन्दुओं पर काम किया गया है। पहला भर्ती और प्रशिक्षण, दूसरा पुलिस का आधुनिकीकरण, तीसरा सुविधाएं ब?ाना और चौथा चुनौतियों को देखते हुए गृह मंत्रालय से सामंजस्य बैठाना। इससे कानून व्यवस्था को लगातार मजबूत रखने में सफलता मिली है।

कहा– अपराधी जेल में हैं या पुलिस मुठभेड़ में मौत हो चुकी है

योगी ने कहा, प्रदेश में पुलिस के लिए सुविधाओं में वृद्धि, रिफॉर्म और उनको तकनीकी से जोड़ने के अच्छे नतीजे आए हैं। इससे कानून का राज बनाने में मदद मिली है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में कहा कि प्रदेश में वर्तमान में संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। ऐसे अपराधी जेल में हैं या पुलिस मुठभेड़ में उनकी मौत हो चुकी है।

सीएम योगी ने बताया कि माफिया और अन्य अपराधियों की 44 अरब 59 करोड़ रुपए की संपत्ति का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया गया है। जब्त की गई संपत्तियों पर बालिकाओं के लिए कॉलेज और निर्बल वर्ग के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। इससे समाज में बेहतर संदेश गया है। चिह्नित माफिया के 18 मुकदमों में पैरवी कर 11 माफिया और उनके 28 सह अपराधियों को आजीवन कारावास या कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा कराई गई है। इनमें दो को फांसी की सजा भी हुई है।

सीएम ने कहा, पुलिस की कार्रवाई से समाज के सभी वर्गों विशेषकर महिलाओं, बालिकाओं, कमजोर वर्गों और कारोबारियों में सुरक्षा की भावना बड़ी है। प्रदेश में सभी महत्वपूर्ण त्योहार, मेले, जुलूस आदि शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द कायम है। सभी वर्गों में आपसी सौहार्द और समरसता बरकार है। आखिरी में सीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि गृह मंत्री के मार्गदर्शन में यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

सीएम योगी ने कहा, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भर के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान को चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस की व्यापक कार्रवाई से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश को देश में पहला स्थान मिला है।

चिंतन शिविर के पहले दिन अमित शाह ने कहा– हमारे संविधान में कानून–व्यवस्था को संभालने का जिम्मा राज्य को दिया गया है, लेकिन अब तकनीक के बढ़ावे के साथ कई ऐसे कानून भी अस्तित्व में आए हैं, जिनकी कोई सीमा नहीं है। शाह ने कहा कि साल 2024 तक हर राज्य में ह्ळ्ठ शाखाएं स्थापित करने का फैसला किया है। जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद आतंकी गतिविधियों में 34त्न की कमी, सुरक्षाबलों की मौत में 64त्न की कमी और नागरिक मौतों में 90त्न की कमी आई है।

गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, संघ शासित प्रदेशों के उप–राज्यपाल और प्रशासक भी हिस्सा ले रहे हैं।

इस चिंतन शिविर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 अक्टूबर यानी आज को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करेंगे। राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भाग लेंगे।



**तेलंगाना।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तेलंगाना के इलाकों में राहुल गांधी के साथ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और सांसद रहे मोहम्मद अजहरूद्दीन बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। **( छाया : जय हिन्द जनाब )**

## जर्नादन भाटी बने रालोद के जिलाध्यक्ष

**जय हिन्द संवाद**

**ग्रेटर नोएडा ।** राष्ट्रीय लोक दल ने अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। जर्नादन भाटी को फिर गौतमबुद्ध नगर का जिला अध्यक्ष बनाया है। जनार्दन भाटी को दोबारा यह जिम्मेदारी मिली है। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने उनके मनोनयन की सूची जारी की है।

# डव ड्राय शैंपू से कैंसर का खतरा

## एचयूएल का दावा–भारत में ये प्रोडक्ट नहीं बेचते

अमेरिका में एफएमसीजी प्रमुख यूनिलीवर के ड्राय शैंपू में कैंसर के खतरे वाले तत्वों की मौजूदगी की खबर सामने आने के बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने बयान जारी किया है। एचयूएल ने कहा कि वह भारत में ड्राय शैंपू की मैन्युफैक्चरिंग या बिक्री नहीं करता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचयूएल का ड्राय शैंपू अमेजन इंडिया सहित अन्य ऑनलाइन वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

बिजनस टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन इंडिया पर, डव ड्राय शैम्पू स्प्रे के कम से कम दो वैरिएंट – डव ड्राय शैम्पू, फ्रेश कोकोनट और डव ड्राय शैम्पू स्प्रे, फ्रेश एंड फ्लोरल – खरीदने के लिए उपलब्ध हैं। दोनों शैंपू 141 ग्राम के पैक में आते हैं और प्रत्येक की कीमत 625 रुपए है। उपलब्ध डिटेल्स के अनुसार, उत्पादों का निर्माण यूनिलीवर अमेरिका में किया जाता है और भारत में बेंगलुरु स्थित कंपनी यूनाइटेड डिस्ट्रीब्यूटर्स इसका आयात और डिस्ट्रीब्यूशन करती है।

**ड्राय शैंपू में बेंजीन की उपस्थिति**




यूनिलीवर यूनाइटेड ने उसके ड्राय शैंपू में बेंजीन की ज्यादा उपस्थिति के कारण उसे वापस लेने का फैसला किया है। बेंजीन को ह्यूमन कार्सिनोजेन के रूप में क्लासिफाई किया जाता है। यह ल्यूकेमिया और बोन मैरो के ब्लड कैंसर सहित अन्य कैंसर का कारण बन सकता है। कैंसर पैदा करने वाले तत्व बेंजीन के शैंपू के वैरिएंट में पाए जाने के बाद ड्रग रेगुलेटर द्वारा खतरनाक एरोसोल ड्राई शैंपू को अमेरिकी बाजार में वापस बुला लिया गया है।

**डव ड्राय शैंपू में बेंजीन का स्तर ज्यादा**

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने 21 अक्टूबर को ऐसे उत्पादों को बाजार से वापस लेने के लिए एक रिकॉल ऑर्डर जारी किया था। अमेरिकी दवा नियामक के अनुसार, डव ड्राय शैंपू – विशेष रूप से अक्टूबर 2021 से पहले निर्मित शैंपू में बेंजीन का स्तर ज्यादा है। इससे ल्यूकेमिया, बोन मैरो ब्लड कैंसर और ब्लड डिसऑर्डर का खतरा हो सकता है। इससे मौत भी हो सकती है।

**नेक्सस, सुवे, TGI में भी बेंजीन का ज्यादा स्तर**

डव ही नहीं, यूनिलीवर के अन्य प्रोडक्ट जैसे नेक्सस, सुवे, TGI (रॉकहोलिक और बेड हेड) और TRESemmÃ को भी अमेरिकी दवा नियामक ने बेंजीन के संभावित ऊंचे स्तर के कारण वापस बुलाने को कहा। यूनिलीवर ने कहा कि उसने यूएस और कनाडा में अक्टूबर 2021 से पहले उत्पादित ड्राई शैंपू के चुनिंदा लॉट कोड को वापस बुला लिया है।

# शेयर बाजार में बंपर तेजी

## सेंसेक्स 384 अंक बढकर 60 हजार के पार



ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकेतों से शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (28 अक्टूबर) को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 384 अंकों की तेजी के साथ 60,100 के स्तर के पार कारोबार कर रहा है। निफ्टी 100 अंक बढकर 17,830 के स्तर के पार पहुंच गया है। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं 8 शेयरों में गिरावट आई है।

**बजाज ऑटो-रिलायंस टॉप गेनर**

बजाज ऑटो, रिलायंस, ONGC, कोल इंडिया, NTPC, अडाणी एंटरप्राइजेज, बजाज फिनसर्व समेत 31 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स हैं। टाटा स्टील, हिंडाल्को, सन फार्मा, JSW स्टील, डिविस लैब, टेक महिंद्रा, SBI समेत 19 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स हैं।

**ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी**

NSE के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 4 में तेजी देखने को मिल रही है। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.05 की तेजी है। फाइनेंशियल सर्विसेज, FMCG और PSU बैंक सेक्टर में भी तेजी आई है। इनके अलावा बैंक, प्राइवेट बैंक, रियल्टी, IT, मेटल, मीडिया और फार्मा सेक्टर में गिरावट है।

**गुरुवार को तेजी में बंद हुआ था बाजार**

गुरुवार को भी घरेलू बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 212.88 अंक या 0.36 बढ़कर 59,756.84 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 80.60 अंक या 0.46 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। ये 17,736.95 पर बंद हुआ था।

# बादशाह मसाले में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा डाबर

डाबर इंडिया लिमिटेड ने बादशाह मसाला प्राइवेट लिमिटेड में मेजोरिटी स्टेक हासिल करने के लिए एग्रीमेंट साइन किया है। ये डील 587.52 करोड़ रुपए की है। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि डाबर इंडिया, बादशाह में 51 हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर रही है और शेष 49 को पांच साल की अवधि में खरीदने का प्लान है। डाबर ने कहा कि बादशाह की एंटरप्राइज वैल्यू 1152 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह अधिग्रहण डाबर के तीन साल में अपने फूड बिजनेस को 500 करोड़ रुपए तक बढ़ाने और नई कैटेगरी में विस्तार करने के प्लान के अनुरूप है। इस अधिग्रहण से डाबर की भारत के 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के ब्रांडेड मसालों के बाजार में एंट्री होगी।

**डाबर की ग्रोथ स्ट्रैटजी में तेजी आएगी**

डाबर इंडिया के चेयरमैन मोहित बर्मन ने कहा, इस अधिग्रहण से हमारी ग्रोथ स्ट्रैटजी में तेजी आएगी क्योंकि हम अपने फूड बिजनेस को बिल्ड करना जारी रखेंगे। डाबर के डायरेक्टर पी. डी. नारंग ने कहा कि ट्रांजैक्शन इस वित्तीय वर्ष के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इससे पहले कंपनी ने सितंबर को समाप्त तिमाही में 4.9 अरब रुपए का नेट प्रॉफिट और 2.5 रुपए प्रति शेयर के अंतरिम डिविडेंड की घोषणा की थी।

**डाबर के साथ साझेदारी से खुश**



बादशाह मसाला के मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत झावेरी ने कहा, हम डाबर के साथ रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश करके खुश हैं। डाबर के साथ हाथ मिलाने से बादशाह की फ्यूचर ग्रोथ को एक मजबूत ट्रैजेक्टरी पर चलाने में मदद मिलेगी। यह लेन-देन हमें अपने उत्पादों को डाबर के बड़े पोर्टफोलियो में जोड़कर हमारी ग्रोथ में तेजी लाने में सक्षम करेगा।

**1958 में हुई थी बादशाह मसाला की शुरुआत**

बादशाह मसाला की शुरुआत 1958 में हुई थी जब जवाहरलाल जमनादास झावेरी ने साइकिल पर सवार होकर गरम मसाला और चाय मसाला बेचना शुरू किया था। मसाला जल्दी लोकप्रिय हो गया और जवाहरलाल जमनादास ने इसके बाद मुंबई के घाटकोपर में एक छोटी यूनिट की स्थापना की, जिसे गुजरात के उम्बर्गों में 6,000 वर्ग फुट के बड़े कारखाने में अपग्रेड होने में देर नहीं लगी। फिर, कंपनी ने पाव भाजी मसाला, चाट मसाला और चना मसाला पेश करने के लिए अपने प्रसाद का विस्तार किया। जवाहरलाल जमनादास ने 1996 तक सफलतापूर्वक व्यवसाय चलाया, लेकिन उनके आकस्मिक निधन के बाद, उनके बेटे हेमंत ने बागडोर संभाली। हेमंत के बिजनेस में शामिल होने के बाद, उनका सबसे महत्वपूर्ण कदम कंपनी की पहुंच बढ़ाना था।

**20 से अधिक देशों में मसाले का निर्यात**

उन्होंने अपनी पहुंच का विस्तार किया और आज बादशाह मसाला 20 से अधिक देशों में निर्यात किया जाता है। आज, सेल्स का एक तिहाई एक्सपोर्ट किया जाता है और बादशाह मसाला ने अंतरराष्ट्रीय मसाला बाजार में अपनी एक अलग जगह बना ली है। यह ब्रांड 450 के डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क के साथ सुपरमार्केट, लोकल किराना स्टोरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी प्रमुख शेल्फ स्थान रखता है। एक छोटे व्यवसाय के रूप में शुरू किया गया मसाला आज एक बड़ी कंपनी बन गया है।

# ट्विटर में बड़े बदलाव करेंगे नए चीफ मस्क

## सीईओ को हटाया, कहा- चाहता हूं टिवटर पर लोग फिल्में देखें

ट्विटर अब एलन मस्क का हो गया है। विवादों के बीच 7 महीनों से चल रही यह डील गुरुवार को आखिरकर पूरी हो गई है। ट्विटर का चीफ बनते ही उन्होंने सबसे पहले सीईओ पराग अग्रवाल को हटा दिया। उनके साथ दो और ऑफिसर्स- चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नेड सहगल और लीगल अफेयर्स एंड पॉलिसी चीफ विजया गड्डे को भी बर्खास्त कर दिया।

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला कंपनी के मालिक मस्क ने डील होते ही ट्वीट किया- चिडिया आजाद हुई। कहा कि मैं चाहता हूं टिवटर पर लोग फिल्में देखें और वीडियो गेम खेलें।

**इनके अलावा, 5,600 कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है**

द वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क कंपनी के 7,500 एम्प्लॉइज में से 75 प्रतिशत, यानी करीब 5,600 कर्मचारियों को नौकरी से हटा सकते हैं। उन्होंने ट्विटर डील के दौरान संभावित निवेशकों से यह बात कही थी। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद ट्विटर के जनरल काउंसल सीन एडगेट ने इससे इनकार किया किया है। कर्मचारियों को ईमेल भेज कर कहा कि कंपनी छंटनी को लेकर कोई प्लान नहीं बना रही है।

**अब पिछले दो दिन के घटनाक्रम को सिलसिले बार समझते हैं...**

**1. डील कब फाइलन हुई**



एलन मस्क ने गुरुवार (27 अक्टूबर) को इस डील पर मुहर लगाई।

**2. सीईओ पराग अग्रवाल को क्यों हटाया**

मस्क ने पराग और दो ऑफिसर्स पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी अकाउंट्स की संख्या को लेकर उन्हें और ट्विटर इन्वेस्टर्स को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

**3. डील की क्या वजहें बताई**

**पहली:** मस्क ने संकेत दिया कि आगे चलकर ट्विटर की एड पॉलिसी में भी बदलाव किया जाएगा। मस्क ने कहा, मैं चाहता हूं कि ट्विटर सबसे बेहतरीन एडवरटाइजिंग प्लेटफॉर्म हो, जहां सभी उम्र के यूजर्स फिल्में देख सकें या वीडियो गेम खेल सकें।

**दूसरी:** मस्क का कहना है कि ज्यादा पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत की मदद करने लिए ट्विटर से डील की है। कोर्ट ने मस्क को मौजूदा शर्तों पर ट्विटर डील को 28 अक्टूबर तक फाइनल करने के लिए कहा था।

**4. ट्विटर ऑफिस पहुंचे, कर्मचारियों से बात की**

27 अक्टूबर को एलन मस्क ने पहले पहले अपने ट्विटर हैंडल का बायो भी बदला। उन्होंने बायो में 'Chief twit' लिखा। इसके बाद ट्विटर हेडक्वार्टर सिंक लेकर पहुंचे। उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि। Entering Twitter HQ – let that sink in! इसके अलावा, एम्प्लॉइज से बात की। इसकी कुछ तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की गईं।

**एलन मस्क ने ट्विटर हैंडल का बायो बदला**

मस्क ने अपने ट्विटर हैंडल का बायो भी बदल दिया है। उन्होंने बायो में Chief twit लिख दिया। ट्विटर हेडक्वार्टर में मस्क सिंक लेकर दाखिल हुए। उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि। Entering Twitter HQ – let that sink in!

**अब पूरा मामला समझें**

मस्क ने 14 अप्रैल को 43 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदने का ऑफर दिया था। मस्क ने कहा था कि ट्विटर में निवेश शुरू करने से एक दिन पहले के भाव से 54 प्रीमियम पर 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 100 हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश कर रहा हूं। यह ऑफर मेरा सबसे अच्छा और आखिरी ऑफर है और यदि इसे स्वीकार नहीं किया जाता है, तो मुझे एक शेयरधारक के रूप में अपनी स्थिति पर पुनर्विचार करने की जरूरत होगी।

मस्क के पास ट्विटर की 9.2ब्रहिस्सेदारी थी। 4 अप्रैल को इसकी जानकारी सामने आई थी। मस्क ने भले ही शुरुआती फाइलिंग में 43 अरब डॉलर का ऑफर दिया था, लेकिन ट्विटर की डील को मंजूरी के बाद ये आंकड़ा 44 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में मस्क ने कहा कि स्पैम अकाउंट की सही जानकारी नहीं होने के कारण वह डील को कैंसिल कर रहे हैं। डील कैंसिल होने के बाद ट्विटर कोर्ट पहुंच गया था।

**मस्क को उल्लंघन से रोकने के लिए केस**


ट्विटर ने कहा था, हम यह एक्शन इसलिए ले रहे हैं, ताकि मस्क को आगे किसी भी उल्लंघन से रोका जाए और मस्क को इस डील को पूरा करने को कहा जाए। मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि मस्क ने मर्जर एग्रीमेंट की कई शर्तों को तोड़ा है। यह भी आरोप लगाया गया था कि इस पूरे प्रकरण से ट्विटर के बिजनेस और छवि को नुकसान पहुंचा है।

**शेयरहोल्डर्स ने दी थी डील को मंजूरी**

ट्विटर के शेयरहोल्डर्स ने 13 सितंबर को 44 बिलियन डॉलर की डील को मंजूरी दी थी। ट्विटर के अधिकांश शेयरधारकों ने 54.20 डॉलर प्रति शेयर के बायआउट प्रपोजल के पक्ष में वोट किया था। कंपनी के सैन फ्रांसिस्को हेडक्वार्टर में इन्वेस्टर्स के साथ एक शॉर्ट कॉन्फ्रेंस कॉल में ये फैसला लिया था।

# खुद को बेहतर बनाने में लगे रहेंगे तो काम अपने आप बढ़िया होने लगेगा: पंकज आडवाणी

‘मेरे पिताजी 1992 में नहीं रहे थे और मेरा पहला इंटरनेशनल इवेंट 1999 में था। मेरी जिंदगी के ये सात-आठ साल बेहद मुश्किल थे। हम कुवैत से 1990 में भारत आए। पिताजी के गुजरने के बाद मां ने तय किया कि वो अपने दोनों बच्चों को बड़ा करने में वक्त देंगी और उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। फाइनेंशियली यह कठिन दौर था। मैंने खेल शुरू ही किया था और मुझे इसमें ही करियर बनाना था। अच्छा यह था कि मेरे फैसलों में मां मेरे साथ थीं। मुझे लगता है कि एक वक्त होता है...तब यदि आपको सपोर्ट नहीं मिलता है, तो आप गलत दिशा में जा सकते हैं। लेकिन मेरा परिवार मेरे साथ खड़ा रहा और मुझे पुश करता रहा। जब 25 अक्टूबर 2003 में मैंने वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीती, तब मेरे लिए चीजें बदल गईं। यह देश को मेरी ओर से दिवाली का तोहफा था। मैं जब छोटा था, तब ट्रैवलिंग से डरता



था। वह इसलिए कि मेरा रवैया नकारात्मक था। मैं इमीग्रेशन का सामना करने से डरता था, क्योंकि वो मुझसे पूछते थे कि आप कहां जा रहे हैं, ये कौन-सा स्पोर्ट है? वगैरह। आज जब मैं इमीग्रेशन के लिए जाता हूं, तो वो मेरे साथ तस्वीर लेना चाहते हैं और उनका रवैया ऐसा होता है जैसे मेरे आने से बेहद खुश हुए। अच्छा लगता है जब आपकी मेहनत और उपलब्धियों पर लोगों का ध्यान जाता है। स्पोर्ट्स ने मुझे पहचान दी और मेरे व्यक्तित्व को संवारा। लेकिन जिंदगी इससे ज्यादा है। मैं हमेशा से बेस्ट होना चाहता था। बेहद जिद्दी किस्म का था, लेकिन वक्त के साथ मुझे समझ आया कि समझौते तो करना होते हैं। दूसरों के नजरिए को जानना जरूरी है। यह बेहद मुश्किल था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं बतौर इंसान बेहतर होता गया। सीखना मैंने कभी नहीं छोड़ा। मैंने बीते सालों में बतौर इंसान खुद को ग्रो होता महसूस किया है और इसे एंजॉय भी किया है।

**मेहनत ही सपने पूरे करेगी**

क खेल भले ही आपका हो, उसके पीछे एक टीम होती है, जो सफलता की हकदार होती है।

क जितना जल्दी शुरू करेंगे, उतना बेहतर रिजल्ट पाएंगे।

क कोई भी बड़ा सपना हो, बिना मेहनत के पूरा होना असंभव ही है। इस सफर में मैंने देखा कि बुरे दौर आते ही हैं। मैंने दो दफा गेम छोड़ने का मन बनाया। एक तो 2006 की बात है, जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। उस वक्त मेरे भाई ने सपोर्ट किया था। मेरे भाई श्री ने मेरी मदद की जो एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट था और ऑस्ट्रेलिया से आया था। उसके साथ दो-एक सेशन किए, सीखा कि दिमाग को कैसे प्रोग्राम किया जाता है, चीजों को अलग तरह से कैसे देखा जाता है...और फिर मैं दिसंबर के एशियन गेम्स में गया, गोल्ड जीत लाया। जिंदगी बदल गई। मैंने जाना कि जिंदगी केवल जीतने का नाम नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि आप जिंदगी को कैसे प्रस्तुत कर रहे हैं। अपने स्पोर्ट्स या बिजनेस के कितने अच्छे एम्बेसडर हैं। मैं मैच हार जाता हूं तो बुरा नहीं लगता क्योंकि खेल भावना से खेलता हूं। कभी खेल या प्रतिद्वंद्वी की बेइज्जती नहीं की। जो किया प्रेम से किया। खुद को बेहतर करने की कोशिश की। मुझे लगता है खुद को बेहतर करना ही सबकुछ है। आप बेहतर होंगे तो बेहतर काम करेंगे।’

# 60 साल पानी-साबुन नहीं छुआ

## फिर भी जिंदा रहा दुनिया का सबसे गंदा शख्स

दुनिया के सबसे गंदे आदमी कहलाने वाले ईरान के अमो हाजी की मौत हो गई। हाजी पिछले 60 सालों से नहाए ही नहीं थे। कुछ दिनों पहले ही उनके गांव के लोगों ने उन्हें नहला दिया था। जिसके बाद वो बीमार पड़ गए और मौत हो गई।

भारत में भी सर्दियां आ रही हैं। कई लोग रोज नहाने से बचना चाहते हैं। ऐसे में अमो हाजी की खबर पर वो जरूर ठहरे होंगे। ऐसे लोगों के लिए ही है आज का भास्कर एक्सप्लेनर। हम बताएंगे कि आखिर रोज नहाने पर इतना जोर क्यों दिया जाता है, अगर कुछ दिन, महीने या साल न नहाएं तो हमारे शरीर में क्या होगा? अमो हाजी दक्षिणी ईरान के देजगाह गांव के रहने वाले थे। उनका कोई रिश्तेदार नहीं था और वह अकेले ही ईटों से बनी एक खुली झोपड़ी में रहते थे। बताते हैं कि जवानी में हुई किसी घटना की वजह से हाजी ने पानी और साबुन के इस्तेमाल न करने को लेकर जिद पकड़ ली थी। हाजी को डर लगता था कि वो नहाने से बीमार पड़ जाएंगे। इस वजह से करीब 60 सालों तक हाजी बिना नहाए ही रहे। हाजी रोडकिल यानी सड़क पर गाड़ियों से मारे



जाने वाले जानवरों का मांस खाते थे और जानवरों के मल से भरे पाइप से धूम्रपान करते थे। हाजी के जीवन पर 2013 में द स्ट्रेंज लाइफ ऑफ अमौ हाजी नाम से एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनी थी। कुछ हफ्ते पहले उनके गांव वाले ने उन्हें साफ करने के इरादे से उन्हें नहलाया था। नहाने के कुछ हफ्तों बाद ही उनकी मौत हो गई। हाजी की मौत के बाद ये सवाल उठ रहा है कि क्या नहाना जीवन के लिए जरूरी है?






# शाहरुख ने की बीसीसीआई के ऐतिहासिक फैसले की तारीफ



बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह ने हाल ही में घोषित कया कि क्रिकेट बोर्ड ने फैसला लिया है कि वे महिला क्रिकेट टीम के प्लेयर्स को उतनी ही फीस मिलेगी जितना पुरुष क्रिकेटर्स को मिलता है। बीसीसीआई के इस फैसले से सभी काफी खुश हुए हैं और सोशल मीडिया पर इस फैसले की तारीफ की है। शाहरुख खान ने भी इस फैसले की तारीफ में पोस्ट किया है। उन्होंने जय शाह के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, क्या शानदार फ्रंट फुट शॉट खेला है। स्पोर्ट्स में सब बराबर। आशा है कि इससे बाकी लोग भी फॉलो करेंगे। बता दें कि शाहरुख खुद बड़े क्रिकेट फैन हैं। उनकी खुद की आईपीएल क्रिकेट टीम है कोलकाता नाइट राइडर्स। इसके अलावा उनकी कैरिबियन प्रीमियर लीग में महिला क्रिकेट टीम भी है। वैसे शाहरुख के अलावा अनुष्का शर्मा और तापसी पन्नू भी बीसीसीआई के इस फैसले की तारीफ कर चुके हैं। दोनों ही एक्ट्रेसेस ने वैसे महिला क्रिकेटर्स पर फिल्म की है।

तापसी, क्रिकेटर मिताली राज पर आधारित शाबाश मिठू में काम कर चुकी हैं। वहीं अनुष्का की फिल्म चकदा एक्सप्रेस आने वाली है जिसमें वह झूलन गोस्वामी का किरदार निभाएंगी। वैसे बता दें कि शाहरुख ने इससे पहले विराट कोहली के शानदार गेम और भारत की जीत पर ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, क्रिकेट का शानदार गेम खेलकर मजा आया। भारत की जीत देखकर मजा आया। विराट कोहली की बैटिंग देखकर अच्छा लगा। शाहरुख के इस ट्वीट पर फैंस ने खूब रिएक्ट किया था। फैंस ने कमेंट किया था कि विराट की तरह आपका भी ऐसी शानदार वापसी का इंतजार है। शाहरुख की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट साल 2018 में आई फिल्म जीरो में नजर आए थे। फिल्म में शाहरुख के साथ अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ लीड रोल में थे। हालांकि फिल्म फ्लॉप हुई थी। वह हाल ही में फिल्म ब्रह्मास्त्र में भी नजर आए हालांकि फिल्म में उनका कैमियो था।

### यशोधा का ट्रेलर रिलीज

# सरोगेट मदर बनकर सामंथा का जबरदस्त एक्शन




सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म यशोधा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म के टीजर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था और अब ट्रेलर और धमाकेदार है। फिल्म में सामंथा रुथ प्रभु एक सरोगेट मदर का किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है सामंथा से जो सरोगेट मदर बनती हैं। वह पैसों के लिए यह सब करती हैं। इसके लिए वह एक इवा कंपनी से जुड़ती हैं जो सरोगेसी के जरिए उन लोगों को बच्चे देती है जो कभी पैरेंट्स नहीं बन सकते। सामंथा इस पीरियड को एंजॉय करती हैं। लेकिन तभी उन्हें पता चलता है कि जहां वह सरोगेसी प्रोसेस के दौरान रहती हैं वहां कुछ गड़बड़ है। इसके बाद वह उन लोगों का सच सामने लाने और अपने बच्चे को बचाने के लिए लड़ती हैं। वह फिल्म में मां का किरदार निभाएंगी, इसके साथ ही प्रेग्नेंट होकर वह खूब एक्शन भी करती नजर आएंगी। वह फुल एक्शन मोड़ में नजर आएंगी। एक्ट्रेस का ये अंदाज काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर को देखने के बाद उसके वीडियो के कमेंट सेक्शन में सभी सामंथा की तारीफ कर रही हैं। ट्रेलर थ्रिलर से भरा है और इसके साथ ही एक्शन भी जबरदस्त है फिल्म में। एक्ट्रेस का इसके साथ ही जबरदस्त एक्शन सीन भी है जिसे देखकर आप भी उनसे इम्प्रेस हो जाएंगे।

# भैयादूज: कार्तिक आर्यन ने छुए बहन के पांव



बैक टू बैक फेस्टिव सेलिब्रेशन के चलते बॉलीवुड में खूब रौनक देखने को मिल रही है। एक्टर्स की दिवाली के बाद अब भाई दूज त्यौहार की तस्वीरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस मौके पर कार्तिक आर्यन से लेकर सोहा अली खान तक कई सेलेब्स ने भाई दूज स्पेशल पोस्ट शेयर किए हैं। इस बार भाई दूज 26 और 27 अक्टूबर दोनों डेट्स में मनाया गया है। कई बॉलीवुड सेलेब्स गुरुवार को अपने भाई और बहन के संग तस्वीरें और वीडियोज शेयर की हैं। बॉलीवुड में हिट फिल्में देने वाले कार्तिक आर्यन ने बहन कृतिका आर्यन के साथ भाई दूज मनाई। कार्तिक ने बहन के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। कार्तिक एक तस्वीर में अपनी बहन के पांव छूते नजर आ रहे हैं। कार्तिक की इस तस्वीर पर एक फैन ने लिखा, आप दुनिया के सबसे खूबसूरत और विनम्र शख्स हैं, हैलो ब्यॉज क्या आपने कभी भी इतना खूबसूरत इंसान देखा है।' एक और फैन ने कार्तिक के लिए फनी कमेंट किया, फैन ने लिखा, '10 रुपये की पेप्सी, कार्तिक भाई सेक्सी'।



# शाही खानदान से ताल्लुक रखती हैं अदिति राव हैदरी

अदिति राव हैदरी फिल्मों में छोटे लेकिन अहम रोल निभा चुकी हैं। बहुत ही कम लोगों को मालूम होगा कि अदिति शाही खानदान से ताल्लुक रखती हैं। एक्टिंग के अलावा अदिति सिंगिंग और डांस में भी पारंगत हैं। उन्होंने बकायदा इसकी ट्रेनिंग ली हुई है। बॉलीवुड में डेब्यू से पहले अदिति ने साउथ इंडस्ट्री में काम किया। 28 अक्टूबर 1986 को अदिति का जन्म हैदराबाद, आंध्रप्रदेश में हुआ जो अब तेलंगाना में है। उनके जन्मदिन के मौके पर बताते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें। अदिति ने 2006 में आई मलयायम फिल्म प्रजापति से डेब्यू किया। बॉलीवुड में वह ज्यादातर सपोर्टिंग किरदार में ही दिखी हैं। उनकी मुख्य फिल्मों में रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर और पद्मावत है। बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म दिल्ली 6 थी। अदिति ने साउथ की कई फिल्मों में काम किया जिसमें मणिरत्नम की Kaatru Veliyidai और Sufiyum Sujatayum भी शामिल है। अदिति का परिवार हैदराबाद का शाही खानदान है और वह खुद भी राजकुमारी हैं। अदिति के पिता का नाम एहसान हैदरी और मां का नाम विद्या राव है। अदिति दो शाही परिवारों मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी और वानापार्थी परिवार के पूर्व राजा केजे रामेश्वर राव से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी की ग्रैंड भतीजी हैं। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव उनकी ममेरी बहन लगती हैं। 36 साल की अदिति का नाम कई लोगों से जुड़ा। हालांकि वह अपनी लव लाइफ पर बात करन पसंद नहीं करतीं। 17 साल की उम्र में अदिति एक्टर सत्यदीप मिश्रा पर दिल दे बैठीं। सत्यदीप फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। दोनों ने एक दूसरे को डेट करने के कुछ समय बाद शादी कर ली थी। साल 2012 में कपल अलग हो गया। हालांकि अदिति ने अपनी शादी और तलाक को लंबे समय तक छुपाए रखा। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने 2009 में शादी की थी। 2013 में अदिति ने एक इंटरव्यू में माना था कि शादी के दो साल बाद वो अलग हो गए।



# जाह्नवी कपूर ने तोड़ी चुप्पी

## उन्होंने और खुशी ने एक ही शख्स को किया डेट

जाह्नवी कपूर आज के दौर की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। ऐसे में उनकी फिल्मों के अलावा लव लाइफ को लेकर भी तमाम कयास लगाए जाते रहे हैं। जल्द ही जाह्नवी की बहन खुशी कपूर भी बॉलीवुड में डेब्यू करने ज रही हैं। जोया अख्तर की अगली फिल्म में वो काम कर रही हैं। हाल ही खुशी को लेकर ऐसी खबरें आईं जिससे फैन्स भी हैरान रह गए। बताया गया कि वह जाह्नवी के एक्स ब्वॉयफ्रेंड को डेट कर रही हैं। अब इन खबरों पर जाह्नवी ने चुप्पी तोड़ी है। जाह्नवी का नाम कई लोगों के साथ जुड़ चुका है। अपने हालिया इंटरव्यू में जाह्नवी ने खुशी कपूर की डेटिंग लाइफ को लेकर जवाब दिया। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में जाह्नवी ने कहा कि यह सबसे वाहियात खबर थी जो उन्होंने पढ़ी। गौरतलब है कि जाह्नवी का नाम अक्षत रंजन के साथ जुड़ चुका है जिसके बारे में खबरें थीं कि खुशी कपूर अब उसे डेट कर रही हैं। जाह्नवी ने कहा, 'तो ऐसा कहा जा रहा है कि मैंने अपने बचपन के दोस्त अक्षत रंजन को डेट किया और फिर मैंने उससे ब्रेकअप कर लिया और अब खुशी उसे डेट कर रही है।' जाह्नवी आगे सफाई देती हैं कि उनकी बहन अक्षत को डेट नहीं कर रही है। वह कहती हैं, 'हममें से किसी ने भी उसे कभी डेट नहीं किया। जब हम छोटे थे तब से वह बस हमारा सबसे अच्छा दोस्त है।



# कटरीना ने खोला बेडरूम सीक्रेट



कटरीना कैफ अपकमिंग फिल्म भूत पुलिस का प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान वह अपने ससुराल और पति विकी कौशल से जुड़े कई राज खोल रही हैं। कटरीना ने एक इंटरव्यू में बताया कि विकी कौशल उन्हें सुलाने के लिए क्या करते हैं। वहीं कपिल शर्मा के शो में पहुंचकर यह भी बताया कि उनके ससुराल वाले उन्हें प्यार से क्या कहकर बुलाते हैं। कटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ फिल्म फोन भूत में लोगों को हंसाने और डराने जा रही हैं। कटरीना कैफ ने पहले अपने अफेयर और फिर शादी को छिपाकर रखा। अब वह कई इंट्रेस्टिंग बातें बता रही हैं। पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में कटरीना ने विकी की सबसे अच्छी और परेशान करने वाली आदतों के बारे में बताया। प्यारी आदतों पर वह बोलीं, मुझे लगता है कि उनका गाने और डांस करने का शौक। कटरीना ने यह भी खुलासा किया कि विकी अच्छे सिंगर है। वह बताती हैं, कई बार जब मुझे नींद नहीं आती, मैं उनसे हमेशा बोलती हूं, क्या आप मेरे लिए एक गाना गा सकते हैं। विकी की क्या आदत बुरी लगती है, इस पर कटरीना बोलीं, कभी-कभी वह जिद करते हैं।

कटरीना से कपिल शर्मा के शो पर पूछा गया कि उनके ससुरावाले उन्हें प्यार से क्या कहकर बुलाते हैं इस पर उन्होंने जवाब दिया, किट्टो। इससे पहले भी कटरीना बता चुकी हैं कि वह और विकी एक-दूसरे से अलग हैं और वे इसी वजह से एक-दूसरे को बैलेंस करते हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि विकी उन्हें प्यार से पैनिक बटन बुलाते हैं। क्योंकि वह हर बात पर ज्यादा सोचती हैं और विकी कूल रहते हैं।



# प्रियंका चोपड़ा ने पार्टी में पहनी पति निक जोनस की शर्ट



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ग्लोबली फैन्स का प्यार लूटती हैं। प्रियंका एक ओर जहां प्रोफेशनली बॉलीवुड और हॉलीवुड में एक्टिव रहती हैं तो दूसरी ओर उनके फोटोज- वीडियोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं। इस बीच प्रियंका के कुछ फोटोज सामने आए हैं, जिन में न सिर्फ प्रियंका ने पति निक जोनस का लुक कॉपी किया है बल्कि पति की शर्ट भी पहनी हुई है। दरअसल हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने इंडियन फिल्म प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला की पत्नी वरदा खान नाडियाडवाला के साथ लॉस एंजिल्स में मुलाकात की। जिसके फोटोज वरदा ने सोशल मीडिया पर शेयर किए। प्रियंका के ये फोटोज कुछ ही देर में वायरल हो गए और इसके बाद सोशल मीडिया पर निक के फोटोज भी वायरल होने लगे। तस्वीरों में दिख रहा है कि प्रियंका ने पति निक जोनस का फुल ब्लैक लुक कॉपी किया है, वहीं उन्होंने निक की शर्ट भी पहनी हुई है। याद दिला दें कि प्रियंका ने निक की जो शर्ट पहनी है, उसे सिंगर ने Cedars-Sinai Board of Governors की 50वीं एनिवर्सरी इवेंट में पहना था, जो लॉस एंजिल्स के स्थ्स्न्द्व स्टेडियम में अगस्त 2022 को हुआ था। निक ने उस वक्त एक लाइव परफॉर्मेंस भी दिया था। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है जब प्रियंका ने पति निक के कपड़े कैरी किए हैं। प्रियंका को इस काम में काफी मजा आता है और इस बारे में वो कई बार बात कर चुकी हैं। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर प्रियंका के इस अंदाज को क्यूट बता रहे हैं तो दूसरी ओर कुछ लोग उन्हें कपड़े रिपीट करने के लिए ट्रोल भी कर रहे हैं।

# विराट कोहली का फैन है मनीष पॉल का बेटा



मनीष पॉल हाल ही में इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली से मिले और उन्होंने इस मुलाकात को खास बतो हुए तस्वीर पोस्ट की है। मनीष पॉल ने इंस्टाग्राम पर बेटे युवान, विराट कोहली के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। इस फोटो के साथ विराट ने एक खास नोट भी लिखा।बता दें मनीष पॉल ने ये तस्वीर विराट कोहली संग एक शूट के दौरान क्लिक की है। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में मनीष पॉल ने बताया कि उनके बेटे युवान विराट के बहुत बड़े फैन हैं। मनीष ने बताया कि जैसे उनके बेटे को पता चला कि विराट के साथ मेरा शूट है उसने अपनी फुटबॉल क्लास छोड़ दी और फटाफट विराट से मिलने पहुंच गया। मनीष ने अपनी पोस्ट में लिखा, ' युवान मेरे बेटे के लिए ये एक बहुत ही खास दिन था, वह विराट से बहुत प्यार करता है। जब उसे पता चला कि मैं उनके (विराट कोहली) साथ शूटिंग कर रहा हूं, तो वह अपनी फुटबॉल क्लास छोड़कर उनसे मिलने दौड़ा आया। मनीष ने आगे कहा, 'मैं उसकी आंखों में चमक देख सकता था। जिस पल उसने विराट को देखाज् धन्यवाद विराट कोहली, ज्युवान को अपने क्रिकेट स्टार के साथ यह पहली मुलाकात हमेशा याद रहेगीज्वह मैचों से चिपका रहता है खासकर अब तो ज्यादा जब आप खेल रहे होते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान जिस तरह से वह चीयर करता है वो देखकर बहुत अच्छा लगता है। ये आपका इफेक्ट ही है, विराट। आप खुश रहें और आने वाली जेनरेशन को ऐसे ही प्रेरणा देता रहें।' विराट, युवान औरर मनीष की इस तस्वीर पर फैंस भरपूर प्यार लुटा रहे हैं। कई फैंस ने इस फोटो पर ढ़रों लाइक्स और कमेंट्स किए हैं। एक फैन ने लिखा, 'विराट लेजेंड हैं, आशा है आपका बेटा पूरी तरह से उनसे इंस्पायर्ड हो।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'ये बच्चा वाकई बेहद खुश है।' एक और फैन ने लिखा, 'ये बेहद मजेदार है।' बता दें टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच में विराट कोहली की दमदार परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हो रही है।






# ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने बैराज घाट का किया निरीक्षण, बढ़ाई गई सुरक्षा

## यमुना के पास लाइफ सेविंग बोट और गोताखोर तैनात, सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी





जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** छठ पूजा को लेकर गुरुवार दोपहर को अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रवि शंकर छवि ने डीसीपी नोएडा के साथ सेक्टर-126 पूजा पंडाल व बैराज घाट के आस-पास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु यमुना में आसपास लाइफ सेविंग बोट व गोताखोर को तैनात किया गया है।

इस मौके पर सेक्टर-94 में प्रस्तावित पूजा पंडाल का भौगोलिक निरीक्षण करते हुए छठ पूजा सेवा समिति के लोगों से वार्तालाप की गई । उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए समय से तैयारियां पूर्ण करने के लिए बताया गया। संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु बेहतर व्यवस्था बनाने आसपास सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखने के लिए कहा गया है। यमुना में गहरे पानी वाली जगहों को चिह्नित करके वहां बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को वहां जाने से रोकने हेतु बताया गया। पूजा पंडाल में पर्याप्त मात्रा में रोशनी की व्यवस्था रखने, बिजली व पानी की बाधित ना होने के लिए भी निर्देशित किया गया। सभी महत्वपूर्ण स्थानों को चिह्नित करते हुए थाना प्रभारी को वहां ड्यूटी लगाने व सभी श्रद्धालुओं को अधिक जल में न जाने के लिये तथा सुरक्षित तरीके से छठ पर्व मनाने के लिए समझाने हेतु निर्देशित किए गया। इस मौके पर डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एसीपी-1 नोएडा रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी सेक्टर-126 व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीईओ रितु माहेश्वरी के आदेश के बाद दो फर्मों पर गिरी गाज

# जलापूर्ति के कार्यों में लापरवाही पर 4.80 लाख का जुर्माना

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** त्यौहारी सीजन में भी जलापूर्ति नेटवर्क से जुड़े रखरखाव कार्यों में लापरवाही करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दो फर्मों पर 4.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुमार्ने की रकम की वसूली दोनों फर्मों को होने वाले भुगतान में से की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने जल विभाग को निर्देश दिया था कि त्यौहारों में पानी की सप्लाई में किसी तरह की दिक्कत न होने पाए। इसके लिए सीईओ ने जल विभाग को जलापूर्ति नेटवर्कों का नियमित जायजा लेने के निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह और उनकी टीम जलापूर्ति से जुड़े नेटवर्कों का लगातार जायजा लेती रही।

कपिल सिंह ने बताया कि सेक्टर फाई फोर में मीडिया विलेज के पास ग्रीन बेल्ट में लगे पंप की मोटर कई दिनों से खराब थी। चाई-4 गोलचक्कर स्थित नलकूप के पास मेन लाइन में लीकेज था। आईटी सिटी स्थित ओवरहेड टैंक कैंपस के पंप की मोटर और ग्रीन बेल्ट स्थित नलकूप की मोटर कई दिनों से खराब मिली। एडब्ल्यूएचओ पुलिस चौकी स्थित नलकूप के पंप का मोटर पानी नहीं उठा रहा था। ऐसी कई खामियां मिलने पर सर्वेश बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स पर दो लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

सेक्टर ओमीक्रोन-3 के ग्रीन बेल्ट में लगे नलकूप का मोटर जल गया था, जिसे कई दिनों तक ठीक नहीं कराया गया। इससे निवासियों को जलापूर्ति की दिक्कत हुई।

जल विभाग ने मैसर्स सर्वेश बिल्डर्स एंड इंजीनियर पर 1.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। सेक्टर पी थ्री व पी फोर के नलकूपों के औचक निरीक्षण के दौरान एक पंप ऑपरेटर को छो ?कर कोई अन्य उपस्थित नहीं मिला, जिसके चलते सप्लाई समय से नहीं चालू हो सकी। इस वजह से मैसर्स सर्वेश बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स पर ही 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

सेक्टर-3 स्थित ओवरहेड टैंक के पास डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में मेजर लीकेज होने के बावजूद समय से ठीक नहीं किया गया, जिसके चलते सेक्टरवासियों को जलापूर्ति की दिक्कत हुई। इस वजह से मैसर्स विराट कंस्ट्रक्शन पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह ने बताया कि दोनों फर्मों पर लगाए गए जुमार्ने की रकम इन फर्मों को होने वाले भुगतान में से कटौती कर की जाएगी। वहीं इस तरह की गलती दोहराने पर फर्मों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## सेक्टर-137 में अगले महीने बनकर तैयार होगा कुत्तों के लिए पार्क

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी वंदना त्रिपाठी का कहना है कि पार्क में कुत्तों के लिए बैठने, घूमने, आराम करने, नहाने के लिए तरणताल और मनोरंजन के तमाम साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। वॉल पेंटिंग का काम चल रहा है। म्यूरल्स भी लगाए जाएंगे। अगले महीने यह पार्क लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। यहां लोग पालतू बिल्लियों को भी डॉक्टर को दिखाने के लिए ला सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण एक साल पहले पालतू कुत्तों के पंजीकरण के लिए ऐप लॉन्च कर चुका है। एनएपीआर ऐप पर एक हजार रुपये फीस देकर कुत्तों का पंजीकरण कराया जा सकता है। लाइसेंस एक साल के लिए होगा। इसके बाद दोबारा लाइसेंस का नवीनीकरण कराना होगा। अभी तक करीब दो हजार लोग अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण करा चुके हैं। इसके अलावा सड़क पर कुत्ता गंदगी करता मिला तो 500 से लेकर 1000 रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम शुरू होने में और देरी

## पीएम गति शक्ति से इस परियोजना के लिए अब तक नहीं मिला फंड

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** सेक्टर-16ए फिल्म सिटी रास्ते पर जाम की समस्या अभी जल्द खत्म होती नजर नहीं आ रही है। इस रास्ते पर बनने वाले चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम एक बार फिर फंसता नजर आ रहा है, क्योंकि पीएम गति शक्ति से इस परियोजना के लिए फंड नहीं मिला है। ऐसे में इसका काम जल्द शुरू होने की उम्मीद पर ब्रेक लग गया है।

अधिकारिक सूत्रों की मानें तो पीएम गति शक्ति को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र को भेजी गई सूची में इस परियोजना को दूसरी वरीयता में डाल दिया गया था, जिसकी वजह से यह परियोजना योजना में शामिल नहीं हो सकी। पीएम गति शक्ति की ओर से नोएडा की चार परियोजनाओं को मार्च 2023 तक के लिए 230 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दे दी गई है। इन परियोजनाओं में डीएससी एलिवेटेड रोड, पर्थला गोलचक्कर पर बन रहा फ्लाईओवर के अलावा दो अंडरपास शामिल हैं। ये परियोजनाएं करीब 600 करोड़ रुपये की हैं। नोएडा प्राधिकरण की ओर से पीएम गति शक्ति योजना के तहत पैसा लेने के लिए चिल्ला एलिवेटेड रोड का नाम भी भेजा गया था, लेकिन इसको सूची में शामिल नहीं किया गया। जबकि, जिन परियोजनाओं के लिए पैसों को मंजूरी दी गई है, उनसे ज्यादा फंड की जरूरत चिल्ला एलिवेटेड रोड के लिए थी। इसकी वजह यह है कि संबंधित परियोजनाओं का काम चल रहा है और पैसों की वजह से कोई अटकाव नहीं है। चिल्ला एलिवेटेड रोड परियोजना का काम पैसों की वजह से एक साल से बंद पड़ा है।

## स्नातक के बाद परास्नातक में दाखिले की रफ्तार धीमी

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक के बाद अब परा स्नातक में भी दाखिले की रफ्तार बेहद धीमी है। जिले के दो सरकारी कॉलेजों में दूसरी मेरिट जारी होने के बावजूद एमए, एमएससी और एमकॉम में 76 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी है। रोजाना कॉलेजों में 20 से भी कम दाखिले हो रहे हैं। इसका कारण यह है कि कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रमों में कई विषयों के कोर्स संचालित नहीं होते हैं। कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रमों में एक सप्ताह से प्रवेश प्रक्रिया जारी है। फिलहाल दूसरी मेरिट के आधार पर दाखिले हो रहे हैं, लेकिन काफी कम छात्र दाखिले के लिए कॉलेजों में पहुंचकर ऑफर लेटर जमा करा रहे हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार सरकारी कॉलेज सेक्टर-39 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और कुमारी मायावती बालिका डिग्री कॉलेज में एमए, एमएससी और एमकॉम में कुल 640 सीटें है। गुरुवार तक इन सीटों पर सिर्फ 157 सीटों पर ही दाखिले हो सके। सबसे ज्यादा दाखिले एमए पाठ्यक्रमों में हुए हैं। दोनों कॉलेजों में एमए में अबतक 113, एमएससी के विभिन्न विषयों में 18 और एमकॉम में 26 सीटों पर ही दाखिले हुए हैं।

## प्रदेश स्तर पर निवेश में नोएडा नंबर-1

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** नोएडा में लगातार निवेश बढ़ रहा है। यूपी सरकार की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के बाद प्रदेश के सभी शहरों से आए निवेश के आंकड़े औद्योगिक विकास विभाग ने जारी किए हैं। इसमें नोएडा नंबर-1 रहा है। तुलनात्मक प्रतिशत में देखने पर स्पष्ट होता है कि पिछले पांच साल में नोएडा में 470 प्रतिशत निवेश बड़ा है। इसके साथ ही 311 प्रतिशत और ज्यादा जमीन का आवंटन हुआ है। निवेश के लिए प्रदेश में पहली बार आई कई बड़ी नामी कंपनियों ने भी नोएडा का ही चयन किया है। अब यूपी सरकार की तरफ से चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है। प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, जो जून में हुई थी, उसमें नोएडा की 39 इंडस्ट्रियों ने हिस्सा लिया था। इस सेरेमनी के बाद बहुत सी नई कंपनियों ने नोएडा का रुख किया। आठ हजार 224 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ। नोएडा प्राधिकरण ने बड़े और प्रतिष्ठित आवंटन की सूची में 21 आवंटन शामिल किए हैं। इसमें आइकिया, अडानी, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, टाटा कंसल्टेंसी, अग्रवाल असोसिएट्स, हल्दीराम, वन 97 कम्युनिकेशन, डिक्शान, एमएक्यू, मदरसन इंफोटेक और अन्य शामिल हैं।

## विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों के साथ देखी रामसेतु फिल्म

जय हिन्द संवाद



**जेवर।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा के कनॉट प्लेस मॉल में किसानों के साथ 'रामसेतु' फिल्म देखी। जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के दूसरे चरण से प्रभावित गांवों के किसान उनके साथ हाल ही में रिलीज हुई रामसेतु फिल्म देखने आए। फिल्म देखने के बाद धीरेन्द्र सिंह कहा कि यह फिल्म सनातन धर्म की आस्थाओं और सांस्कृतिक विरासत को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करती है। फिल्म देखकर बुजुर्ग किसान बेहद खुश नजर आए।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि दिन-रात खेतों में मेहनत करने वाले बुजुर्ग और नौजवान किसानों के साथ फिल्म देखने का अनुभव अभूतपूर्व रहा। अक्षय कुमार ने नए अंदाज में अच्छी भूमिका निभाई है। वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर बनी फिल्म आखिर तक बांधे रखती है। इसी तरह प्रदेश के विकास, प्रगति और उन्नति के लिए जेवर के किसानों का सहयोग अवर्णनीय है। दूसरी ओर जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए द्वितीय चरण की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर सहमति का दौर लगातार जारी है। किसान अपनी जमीन हवाईअड्डा बनाने के लिए सहमति के आधार पर दे रहे हैं।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम रन्हेरा के किसानों ने रबूपुरा स्थित कैंप कार्यालय पर आकर 44 सहमति पत्र सौंपे हैं। आपको बता दें कि दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर के किसानों के साथ लखनऊ में संवाद किया।

## पुलिस वाहन को टक्कर मारने वाले पर केस

**नोएडा।** पुलिस वाहन और जूस के ठेले को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया गया है। हादसे में ठेला लगाने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के विजयंत थापर पेट्रोल पंप के पास 18 अक्तूबर को अज्ञात चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी थी। फिर उसने नजदीक में ही एक जूस का ठेला लगाने वाले अशोक मंडल को टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था। अब पुलिस ने मामले में चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# एमडीपी के दूसरे चरण की योजना पर यीडा बैठक में लग सकती है अंतिम मुहर

जय हिन्द संवाद




**ग्रेटर नोएडा।** मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) के लिए देश की ही बड़ी फार्मा कंपनियों के साथ यमुना प्राधिकरण के अफसरों के साथ बैठक होगी। बैठक के बाद एमडीपी के दूसरे चरण की योजना निकालने पर अंतिम मुहर लगेगी। इस पार्क में मेडिकल उपकरण बनाने वाली बड़ी कंपनियों को लाने की कवायद चल रही है, ताकि यहां पर मेडिकल उपकरण बनने के साथ ही युवाओं को रोजगार मिल सके।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित हो रहा है। इस पार्क की पहले चरण की योजना में 37 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। इस पार्क में आंतरिक विकास कार्य तेजी के साथ चल रहे हैं। अब यमुना प्राधिकरण दूसरे चरण की योजना निकालने की तैयारी में है। योजना निकालने से पहले यमुना प्राधिकरण बड़ी फार्मा कंपनियों के साथ बैठक करेगा। नई दिल्ली में दो नवंबर को देश की बड़ी फार्मा कंपनियों के सीईओ के साथ यमुना प्राधिकरण के अफसरों की बैठक होगी। इसमें कंपनियों से निवेश के बारे में जानकारी ली जाएगी। साथ ही, यहां आने वाली कंपनियों को क्या-क्या सुविधाएं दी जाएंगी, उसे भी बताया जाएगा।

बड़ी फार्मा कंपनियों के साथ बैठक के बाद यमुना प्राधिकरण दूसरे चरण की योजना निकालेगा। इस योजना में बड़े भूखंड होंगे। इसमें मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों को ही भूखंड दिए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि दो नवंबर को नई दिल्ली में फार्मा कंपनियों के साथ बैठक होगी। इसमें 28 कंपनियों के सीईओ भाग लेंगे। बैठक में तमाम बिंदुओं पर चर्चा होगी।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), ( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा ) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com